संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-176 रविवार, 28 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

फिर एक बार मोदी सरकार

भाजपा की पहचान
सुशासन और सबका सम्मान



भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

## संक्षिप्त खबर

### ईवीएम की फोटो खींचकर इंटरनेट मीडिया में किया वायरल



**खजुराहो,27 अप्रैल 2024 (ए)।** खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद के चुनाव के दौरान एक केन्द्र में मतदान करने के दौरान ईवीएम से वोट डालते की फोटो खींचकर उसे इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करना एक महिला को भारी पड़ गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर पीठासीन अधिकारी ने महिला के खिलाफ गोपनीयता भंग करने पर एफआइआर दर्ज कराई है।

### उज्वल निकम को बीजेपी ने दिया टिकट

**नई दिल्ली,27 अप्रैल 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने कैंडिडेट्स की 15वीं लिस्ट जारी कर दी। आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई उत्तर मध्य से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

# कांग्रेस ने पीएम मोदी पर लगाया झूठा होने का आरोप

## पीएम पर कांग्रेस का पलटवार हम नहीं भाजपा खत्म करना चाहती है एससी-एसटी-ओबीसी आरक्षण

» जयराम रमेश का आरोप, झूठा प्रचार कर रहे पीएम

» 1950 से अब तक कांग्रेस की सरकारों व प्रधानमंत्रियों ने आरक्षण लागू किया

» केंद्र की नौकरियों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया

**नई दिल्ली,27 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव प्रखर अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों का खंड़न करने में पूरा जोर लगा रही कांग्रेस ने अब भाजपा पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के खिलाफ ही नहीं है बल्कि इसे खत्म भी करना चाहती है।

कांग्रेस पर एससी-एसटी-ओबीसी आरक्षण खत्म करने के लगाए पीएम के आरोपों को झूठा प्रचार करार देते हुए पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सच्चाई यह है कि इन वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान कांग्रेस ने किया है। जयराम ने दावा किया कि भाजपा और पीएम मोदी चुनाव में चार सौ सीटें की बात इसलिए कर रहे कि ताकि संविधान बदलने के साथ एससी-एसटी व ओबीसी आरक्षण को वे खत्म कर सकें।



### प्रधानमंत्री बार-बार गलत प्रचार कर रहे हैं:कांग्रेस

कांग्रेस पर कोटा छीनने के लगाए पीएम मोदी के आरोपों पर बयान जारी करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार गलत प्रचार कर रहे हैं कि हम एससी-एसटी व ओबीसी के आरक्षण के खिलाफ है और इसे छीनना चाहती है। पीएम का यह बयान बिल्कुल गलत है और सच्चाई यह है कि 1950 के बाद से शिक्षा और रोजगार में आरक्षण तब संभव हुआ है जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें और प्रधानमंत्री रहे।

### भाजपा के चलते महिला आरक्षण में ओबीसी के लिए प्रावधान नहीं

ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा पर प्रहार करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि कुछ महीने पहले जब महिला आरक्षण विधेयक पर संसद में बहस हो रही थी तब कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं को भी इसमें आरक्षण देने की मांग की थी। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया और पीएम ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। भाजपा के रूख के चलते महिला आरक्षण में ओबीसी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया जबकि यह कांग्रेस की गारंटी का नतीजा है कि एससी-एसटी और ओबीसी को शिक्षा और नौकरियों दोनों में आरक्षण उपलब्ध है।

### आरक्षण के लिए संविधान में प्रावधान कांग्रेस ने किया

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण के लिए संविधान में प्रावधान बाबा साहब अंबेडकर,जवाहरलाल नेहरू,सरदार वल्लभ भाई पटेल सरीखे कांग्रेस नेताओं की अहम भूमिका थी और इसमें कांग्रेस का योगदान था।

### केंद्र की नौकरियों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया

जयराम ने कहा कि इसी तरह 1994 में जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, तब पहली बार केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। जबकि 2006 में कांग्रेस-यूपीए सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में उच्च शिक्षण संस्थाओं में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इन तथ्यों से साफ है कि 1950 के बाद से एससी-एसटी और ओबीसी के लिए शिक्षा व रोजगार में आरक्षण तब संभव हुआ है जब कांग्रेस की सरकारें और प्रधानमंत्री थे।

### भाजपा की मंशा एससी-एसटी आरक्षण को खत्म करना

जयराम ने यह भी आरोप लगाया कि चार सौ पार सीटें मांगने के पीछे भाजपा की मंशा एससी-एसटी और ओबीसी के मौजूदा आरक्षण को खत्म करने की है और इसीलिए मोदी सरकार जनगणना तथा जाति जनगणना नहीं करा रही है।

# सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में ईडी के हलफनामे का दिया जवाब

## एजेंसी पर लगाए मनमानी के आरोप,कहा-रिश्वत के कोई सबूत नहीं





**नई दिल्ली,27 अप्रैल 2024(ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है।

सुप्रीम कोर्ट में ईडी के हलफनामे का जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें मनमाने तरीके से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं हैं कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से रिश्वत ली है।

### सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल ने क्या कहा ?

शीर्ष अदालत में जवाब देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। उन्होंने आगे कहा कि गोवा के चुनाव अभियान में इस धन का उपयोग करना दूर की बात है।अरविंद केजरीवाल ने अपने हलफनामे में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के पास एक भी रुपया नहीं आया और उन पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप आधारहीन हैं।

# दो भारतीय मसाला कंपनियों पर सिंगापुर और हांगकांग में लगा बैन

### अब अमेरिका भी हुआ सख्त

**नई दिल्ली,27 अप्रैल 2024(ए)।** भारत की बड़ी मसाला कंपनियों की मुश्किलों लगातार बढ़ रही हैं। पहले सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों ने भारत से निर्यात होने वाले मसालों में कथित तौर पर कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' तय मात्रा से अधिक पाया गया। इससे कैंसर होने का खतरा रहता है। इन दोनों देशों ने दो बड़ी भारतीय मसाला कंपनियों- एवरेस्ट और एमडीएच के उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया।

### क्या अब अमेरिका में भी बैन होंगे भारतीय मसाले ?

अब अमेरिका ने भी भारत से आयात होने वाले मसालों की निगरानी बढ़ा दी है। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन भारतीय मसाला कंपनियों- एमडीएच और एवरेस्ट के बारे में अधिक जानकारी जुटा रहा है। वह पता करने की कोशिश कर रहा है कि क्या इन मसालों में कीटनाशक का मात्रा इतनी अधिक है कि उससे कैंसर होने का खतरा रहेगा।



### हांगकांग और सिंगापुर ले चुके हैं एक्शन

पिछले दिनों हांगकांग ने एमडीएच और एवरेस्ट के मछली करी मसाले की बिक्री रोक दी। सिंगापुर ने एवरेस्ट मसाला को वापस लेने का आदेश देते हुए कहा कि इसमें एथिलीन ऑक्साइड काफी ज्यादा है। इसका इस्तेमाल इंसानों के खाने में नहीं हो सकता। अगर कोई लंबे वक्त तक इनका सेवन करता है, तो उसे कैंसर भी हो सकता है।हांगकांग और सिंगापुर के एक्शन के बाद इंडियन रेगुलेटर ने भी मसालों की जांच तेज कर दी है। एमडीएच और एवरेस्ट भारत में मसालों के सबसे लोकप्रिय ब्रांड हैं। इनके प्रोडक्ट्स यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं।

# बाहुबली धनंजय सिंह को झटका,जमानत मंजूर लेकिन सजा पर रोक से कोर्ट ने किया इनकार

**प्रयागराज,27 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह की इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई है। लेकिन उनकी सजा पर रोक से कोर्ट ने इनकार कर दिया है। इस वजह से वो लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। शनिवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया।



जौनपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में पूर्व सांसद व एक अन्य को सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण अपील में सजा निरस्त करने की मांग की गई है। पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार सुबह आठ बजे जौनपुर जिला कारागार से बरेली जेल शिफ्ट किया गया।

पुलिस के मुताबिक शासन के आदेश पर उन्हें शिफ्ट किया गया है। धनंजय बीते छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे। एंबुलेंस में बैठते धनंजय सिंह का वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोग उनसे पूछ रहे हैं कि कुछ कहना है? वह कोई जवाब नहीं देते हैं। धनंजय सिंह के वकील ने कहा कि राजनीतिक द्वेष के कारण उन्हें झूठा फंसाया गया है। जो तीन गवाह हैं, उनमें दो सरकारी कर्मचारी और एक प्रोजेक्ट का कर्मचारी है। जो आपराधिक इतिहास बताया गया है, उनमें अधिकतर मुकदमे राजनीतिक कारणों से कराए गए है।



# संदेशखाली में छापेमारी को लेकर भड़की टीएमसी

### सीबीआई -एनएसजी के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**कोलकाता ,27 अप्रैल 2024 (ए)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पत्र लिखा। टीएमसी ने पत्र के जरिए उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में सीबीआई और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की छापेमारी का विरोध किया। टीएमसी ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण चल रहा था, तब केंद्रीय एजेंसियों ने 'बदनाम' करने की नीयत से तलाशी स्थल पर हथियार रखे गए, ऐसा अंदेशा है।

# एक बार फिर चोटिल हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



### हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय फिसला पैर

**कोलकाता ,27 अप्रैल 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गई। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और उन्हें चोट लग गई। मिली जानकारी के मुताबिक अब उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है।बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करने जा रही थी। ममता बनर्जी जब हेलिकॉप्टर के अंदर जा रही थीं, उसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ा कर गिर गईं। उनके पैर में हल्की चोट आई है।

# वरुण गांधी ने पार्टी का ऑफर ठुकरा दिया


**रायबरेली,27 अप्रैल 2024 (ए)।** देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव चुनाव होने् है, अभी तक दो चरण पूरे हुए है, भाजपा और कांग्रेस ने यूपी के प्रतिष्ठित सीटों पर पत्ता नहीं खोला है। ऐसे में सांसद वरूण गांधी ने भाजपा के रणनीतिकारों के रायबरेली से चुनाव लड़ने के आफर को ठुकरा कर पार्टी को बड़ा झटका दिया है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर सियासी उथल पुथल मचा हुआ हैं। इस सीट पर अभी तक कांग्रेस और बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हैं।



इस बीच, कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि, इस बार रायबरेली सीट पर कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में उतर सकती हैं तो वहीं भाजपा वरुण गांधी को चुनाव लड़ाना चाहती थी। लेकिन, अब ऐसी ख़बर सामने आ रही हैं, पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी ने भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका देते हुए इस सीट से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया हैं।

# हेमंत सोरेन को नहीं मिली चाचा के अंतिम संस्कार में जाने की इजाजत

**रांची,27 अप्रैल 2024(ए)।** झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अपने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने श्री सोरेन को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी।कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन अपने चाचा की अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे।



## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था।भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है।ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल प्रणाली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं।यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है। हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा।अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निस्संदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

# नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे

## वोटरों को प्रभावित करता पैसा और नशा

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत



**संजीव ठाकुर**
चौबे कॉलोनी रायपुर
छत्तीसगढ़

महत्वपूर्ण रही है। वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा, विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ियों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है । वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।





मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्त अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए।

भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6 प्रतिशत देखी गई है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42 प्रतिशत, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7 प्रतिशत,भारत खुद 6 प्रतिशत तथा रूस में इसका 5 प्रतिशत उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मी.टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6त्न है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25त्न महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60त्न से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है।

यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थो पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# क्या भारत में बंद हो जायेगा व्हाट्सऐप ?

हम सभी व्हाट्सऐप से परिचित है। यह मेटा स्वामित्व वाली एक मैसेजिंग के साथ-साथ ऑडियो और वीडियो कॉलिंग के लिए एकदम मुफ़्त सेवा

**राजीव नन्दन मिश्र**
सरना, शाहपुर,
भोजपुर,बिहार

प्रदान करने वाला ऐप है। केवल इंटरनेट के सहारे इसका प्रयोग किया जा सकता है। व्हाट्सऐप का उपयोग 180 से अधिक देशों में किया जाता है। इसका इस्तेमाल 2 बिलियन से ज़्यादा लोग अपने अलग-अलग कार्यों के लिए सूचना के आदान-प्रदान हेतु कर रहे है। यह दुनिया का सबसे फास्ट मैसेजिंग ऐप है। प्ले स्टोर से यह सबसे ज्यादा डाऊनलोड किया जाने वाले ऐप में चौथे नम्बर पर हैं। व्हाट्सऐप का सबसे बड़ा मार्किट भारत है। भारत मे करीब 50 करोड़ लोग व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करते है। वर्ष 2009 में व्हाट्सऐप की शुरुआत एक इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप के तौर पर हुई थी। इस ऐप को ब्रायन एक्टन और जेन कूम ने मिलकर लॉन्च किया था। दोनों याहू के पूर्व कर्मचारी है। दोनो ने याहू को सितंबर 2007 मे छोड़ दिया था और अमेरिका चले गए। 24 फरवरी 2009 को अमेरिका के कैलिफोर्निया में व्हाट्सऐप का अविष्कार किया।

इस ऐप का विचार जान कूम के मन में आया, जो कीव (यूक्रेन, यूएसएसआर) में पले-बढ़े थे। कूम के माता-पिता टेलीफोन पर बातचीत करने से बचते थे क्योंकि कम्युनिस्ट अधिकारियों द्वारा उनकी जासूसी की जाती थी। कूम को इस घटना पर पूरा ध्यान था। वे चाहते थे कि ऐसा कुछ विशेष किया जाय जिससे मैसेज चैट के तौर जानकारी आदान-प्रदान हो एवं वह सुरक्षित हो तथा संग्रहित न हो। इस बात को उन्होंने अपने मित्रों से भी शेयर की और बहुत मेहनत भी किये। उनके मेहनत का ही फल है - व्हाट्सऐप। अन्य ऐप्स के विपरीत, व्हाट्सएप केवल रजिस्टर करने के लिए एक टेलीफोन नंबर मांगता है और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजे गए संदेशों को संग्रहीत नहीं करता है। इसमें धीरे-धीरे बदलते समय के साथ कई फीचर भी जोड़े गये हैं। वर्ष 2014 में फेसबुक ने 21 बिलियन डॉलर रुपये में




इसको खरीद लिया। अब इसके मालिक मार्क जुकरबर्ग है। बीते साल ही हुए मेटा के एक कार्यक्रम में कंपनी के सी. ई.ओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा था - भारत एक ऐसा देश है, जो सबसे आगे है। आप इस मामले में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं कि लोगों और कारोबारों ने कैसे मैसेजिंग को अपनाया है।व्हाट्सऐप और भारत सरकार के बीच लम्बे समय से लड़ाई चल रही है। ऐसा लग रहा यह लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी है यही कारण है कि व्हाट्सऐप ने अब भारत छोड़ने की बात तक कह दी है। व्हाट्सएप की ओर से इस बयान के बाद इसपर बहस तेज हो गई है। दरअसल बात यह है कि भारत सरकार बार-बार कह रही कि किसी भी ऐप को भारत में सेवा देने हेतु यहाँ के रूल्स के अनुसार चलना होगा। केंद्र सरकार ने 25 फरवरी, 2021 को इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) रूल्स, 2021 के अनुसार सभी सोशल मीडिया कंपनियों को आईटी के नियमों का पालन करना होगा। इसी क्रम में यदि किसी मैसेज को लेकर शिकायत की जाती है तो व्हाट्सऐप को भी मैसेज के सोर्स के बारे में पूरी जानकारी देनी होगी की कोई भी मैसेज पहली बार कब और कहां से भेजा गया था या प्राप्त किया गया था।

इधर कम्पनी ने दिल्ली हइकोर्ट में कहा है कि व्हाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोग इसकी प्राइवेसी पर पूरा भरोसा करते है। व्हाट्सऐप प्रयोग करने वाले ये जानते हैं कि व्हाट्सऐप पर भेजे गए मैसेज एंड टू एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। दरअसल, कोर्ट में व्हाट्सऐप और उसकी पैरेंट कंपनी फेसबुक अब मेटा की याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है, जिसमें इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नियमों को चुनौती दी गई है। कंपनी के तरफ से कोर्ट में पेश हुए तेजस कारिया ने डिविजन बेंच से कहा, एक प्लेटफॉर्म के तौर पर हम कह रहे हैं कि अगर हमें एनक्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा गया, तो व्हाट्सऐप भारत से चला जाएगा।

एन्क्रिप्शन का अर्थ यह है कि किसी को प्रेषित किये गए मैसेज की जानकारी केवल दो लोगो को है एक भेजने वाले को और दूसरा प्राप्त करने वाले को। इसके अलावा तीसरे किसी को इसकी जानकारी नहीं होती। यहाँ तक कि कंपनी के पास भी इस मैसेज की जानकारी नहीं होती है।

तेजस कारिया ने सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश मनमीत प्रीतम सिंह अरोरा वाली बेंच को यह भी बताया कि दरअसल हमें इस प्रक्रिया के लिए एक पूरी चेन रखनी होगी, और हमें नहीं पता है कि कौन से मैसेज को डिक्रिप्ट करने के लिए कहा जाएगा। इस नियमानुसार हमें करोड़ों मैसेज को सालों तक स्टोर करके रखना होगा।वही बेंच ने व्हाट्सऐप से पूछा कि क्या दूसरे देशों में भी ऐसे नियम हैं ? जिसके जवाब में व्हाट्सऐप की ओर से तेजस कारिया ने कहा - नहीं, ऐसा कोई नियम दुनिया में कहीं भी नहीं है यहां तक यह नियम ब्राजील में भी नहीं है। पूरे मामले में एक पक्ष जहां लोगों के निजता के अधिकार को लेकर अपनी दलील दे रहा है तो वही दूसरा पक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सरकार की जरूरत पर अपनी बात रख रहा है। दोनों के बीच किस तरह से बैलेंस बनाया जाए, इसको लेकर चर्चा तेज है। वही अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। अगली सुनवाई में व्हाट्सऐप को लेकर क्या फैसला आता है यह देखना दिलचस्प होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त

गाजा में, यूक्रेन में, सुडान में और कितने ही स्थानों पर आज विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त है। महाविनाशक हथियारों की ऐसी बहुत खतरनाक होड़ पहले से और तेज हो रही है जो दुनिया को किसी बड़े संकट की ओर ले जाएगी।जो अंतरराष्ट्रीय संस्थान विश्व शांति और निशस्त्रीकरण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं, वे कभी असहाय नजर आते हैं तो कभी केवल चिंता प्रकट करने या बयानबाजी तक ही अपनी जिम्मेदारी को समेट लेते हैंइस बिगड़ती स्थिति को संभालना बहुत जरूरी है। उम्मीद की एक किरण हम सब जनसाधारण अपने प्रयासों से भी ला सकते हैं। बेशक, हम जनसाधारण प्रत्यक्ष रूप से बड़े युद्ध समाप्त नहीं कर सकते पर अपने आसपास की हिंसा को समाप्त कर या न्यूनतम कर एक अमन-शांति पर आधारित दुनिया बनाने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर कर सकते हैं। दुनिया आखिर करोड़ों परिवारों के मिलने से ही तो बनती है, लाखों समुदायों के मिलने से ही तो बनती है। यदि परिवार और समुदाय स्तर से ही अहिंसक विश्व बनाने की बड़ी पहल हो तो इसका असर दूर तक भी जा सकता है।यदि परिवार और समुदाय के स्तर पर हम अहिंसा की जो सीख प्राप्त करते हैं, उसका उपयोग आगे, अधिक व्यापक स्तरों पर अमन-शांति के प्रयासों के लिए करते रहें। इस सोच के मूल में यह समझ है कि हिंसा मनुष्य के दुख-दर्द का एक प्रमुख कारण है। हर मनुष्य दुख-दर्द कम करना चाहता है और इसके लिए एक प्रमुख मार्ग यह है कि वह अपने भीतर की हिंसा और अपने आसपास की हिंसा को कम करे। यह मार्ग हम सबको उपलब्ध है, पर फिर भी यह प्राय- उपेक्षित है। यहां तक कि अपने भीतर की हिंसा को एक समस्या के रूप में पहचानने की प्रवृत्ति भी कम ही नजर आती है। पर वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य के भीतर की हिंसा और आसपास की हिंसा अधिकांश समाजों में एक बड़ी समस्या है। भारत हो या अमेरिका इसकी एक बड़ी अभिव्यक्ति घरेलू हिंसा के बेहद चिंतित करने वाले आंकड़ों में उपलब्ध होती है।अमेरिका जैसे विकसित' समाज में भी एक वर्ष में 110 से 120 लाख व्यक्ति घरेलू हिंसा अपने नजदीकी साथी (इंटीमेट पार्टनर) की हिंसा का शिकार होते हैं (प्रति मिनट 20) और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। 19 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाओं में किसी न किसी हथियार का उपयोग भी होता है। घरेलू हिंसा की बड़ी वारदात को रहने दें तो भी कितने ही दिन जनसाधारण के ऐसे गुजरते हैं जिसमें छोटी-छोटी बातों में, क्रोध के आ जाने से जो कहा-सुनी हो जाती है उसके कारण दिन खराब हो जाता है, दुख भी होता है। हमारे समाज में परिवार में प्रेम और लगाव बहुत है, पर झगड़े भी कम नहीं हैं-फिर चाहे पति-पत्नी के झगड़े हों, भाई-भाई या सास-बहू के।अंत में अधिक सहना तो महिलाओं और बच्चों को ही पड़ता है, जबकि घरेलू हिंसा के दौर में बच्चे जो सहते हैं उसका अहसास भी कई बार व्यस्क सदस्यों को नहीं होता। बाद में मन में आता है कि ओह, क्रोध में हम क्यों नाहक अपने प्रियजनों को परेशान करते हैं और स्वयं भी होते हैं, पर यह सोचने के बाद भी बार-बार ऐसी वारदात होती ही रहती हैं। इसकी वजह यह है कि अपने भीतर की हिंसा को पहचानने और उसे कम करने के जरूरी प्रयास नहीं होते। इसके साथ कहीं न कहीं आधिपत्य की भावना जुड़ी होती है।

**-भारत डोगरा-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कभी याद कर लेना



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

कभी फुर्सत मिले मेरे यार मुझे
याद कर लेना
अपनों की फेहरिस्त में मुझको
शुमार कर लेना।
व्यस्तता भरी जिंदगी है,खूब
आपाधापी भी है
कभी वक्त मिले मेरे लिए तो वक्त
निकाल लेना।
माना की तू मुझसे बहुत दूर है,और
मजबूर है
पर!अकेले में कभी-कभी,मुझसे
बात कर लेना।
एक लम्बा अरसा बीत गया,
मिलना शायद है
बिछड़ने के वक्त जो गम था उसे
याद कर लेना।
बचपन की वह यारी,दुनियादारी में
न भुलाना
कभी कंधे मिलाके चलते थे उसे
याद कर लेना।
आज वक्त बदल गया
जिम्मीदारियां आ गई है
कभी बिंदास बचपन के दिनों
को याद कर लेना।
अपनों से दूर-दूर अलग
होना,कोई गम नही है
परायों से हम भी कम नही
कभी याद कर लेना।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## धरती माँ रूठ रही



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा,राजस्थान

पोषण सरंक्षण स्नेह का वरदान है धरती माँ ।
सघन सजल संवेदना से भरी है धरती माँ ।
असीम अपार धैर्य से पूरित है धरती माँ ।
सरल सौम्य क्षमामयी है हमारी धरती माँ ।
आँचल इसका खोदे तो जलस्त्रोतों से भरती हल
से परतों को जोते तो अन्न हमें देती ।
नेह दुलार में कभी कमी नही रखती माँ
मेघाछन्न घटाओं से शीतल छाँव देती माँ ।
रिमझिम फुहारों से तृषितो की प्यास बुझाती माँ ।
कृतघ्नता पुत्रों की क्षमा करती आई धरती माँ ।
अब भी नही चेते तो रूठ जाएगी धरती माँ ।
बेमौसम की बरसात कही सीमाओं को तोड़ रही
चक्रवातो झंझावातो से मानव जाति सहम रही।
कहर सुनामी का बरपा कर हमकों सचेत कर रही।
तांडव की हर थिरकन पर ज्वालाए उठा रही।
गगन चुम्बी दावानल से संतप्त कर रही।
महामारियों से हमको चेतावनी दे रही।
सम्बन्ध टूट रहा मानव-धरा का ये बतला रही
अब भी नही चेते तो. ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## आओ,बेवजह बातें करते हैं...



**मोनिका डागा आनंद,**
चेन्नई,
तमिलनाडु

दिल के खालीपन को थोड़ा सा भरते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं
कुछ मीठी पुरानी यादों की ओट चलते हैं,
तबस्सुम में छुपे रंगों के पलों को चुनते हैं,
जीवन की रवानगी में कुछ खुशियों को बुनते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं
समय कि सरिता में आनंद की लहर रचते हैं,
कुछ इसकी कड़ियों में चाशनी भी भरते हैं,
जीवन सरगम की एक नई धुन रचते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं
कुछ पुराने और कुछ नए किस्से खोलते हैं,
जो रंजिशे रह गई हैं उनको जीवन से रफ़ा दफ़ा करते हैं,
मेरी-तुम्हारी की जगह हमारी खुशियों का चयन करते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं
उम्र के बचे हुए हिस्से को और नमकीन करते हैं,
थोड़ी सी एक दूसरे की खींचाई भी करते हैं,
चुटकुले, शायरी, गजल, कविता कोई नई रचते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# ईवीएम के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश नाकाम

सुप्रीमकोर्ट की दो जजों की बेंच ने बैलट बॉक्स के जरिए चुनाव करवाने या सभी बूथों पर वीवीपेट (वोटर वेरिफिकेशन पेपर ऑडिट ट्रेल) लगा कर सभी वीवीपेट पर्चियों की गिनती करवाने की दोनों याचिकाएं खारिज कर दी हैं। याचिका में मांग की गई थी कि वीवीपेट की पर्ची वोटर को उसके हाथ में थमानी चाहिए, जिसे वह बैलट बॉक्स में डाले। सुप्रीमकोर्ट ने सभी बूथों पर वीवीपेट लगाने और पर्ची वोटर को थमाने की मांग भी ठुकरा दी। आज जो भारतीय जनता पार्टी वोटिंग मशीनों की जोरदार वकालत करती दिखाई देती है, उसने भी 2009 का चुनाव हारने के बाद वोटिंग मशीनों पर सवाल उठाए थे। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस 2014 का चुनाव हारने के बाद लगातार वोटिंग मशीनों से चुनाव पर सवाल उठाती रही है। हालांकि सुप्रीमकोर्ट के फैसलों और राजनीतिक दलों की मांग पर 2014 में पहली बार



आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वीवीपेट भी लगाई गई थी, जिसने ईवीएम मशीनों के सुरक्षित होने की पुष्टि की थी। इसके बाद वीवीपेट को हर विधानसभा क्षेत्र के चार बूथों पर लगाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मशीनों की निर्माता कंपनियों इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद और भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेंगलुरु ने बार बार कहा है कि उनकी बनाई इलेक्ट्रॉनिक मशीने पूरी तरह विश्वसनीय और सुरक्षित हैं। चुनाव आयोग और निर्माता कंपनियां हर आशंका का निवारण करती रही, जैसे मशीनों को न हैक किया जा सकता है, न उनमें कोई छेड़छाड़ की जा सकती है। ईवीएम में रेडियो फ्रिक्वेंसी ट्रांसमिशन डिवाइस की कोई सुविधा नहीं है कि कोई गड़बड़ी की जा सके। इसके बावजूद विभिन्न राजनीतिक दल इस पर सवाल उठाते रहे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का ट्रायल अस्सी के दशक में शुरू हो गया था, जिसका इस्तेमाल सबसे पहले 1982 में केरल की परूर विधानसभा सीट पर 50 मतदान केन्द्रों पर हुआ था। इस पर जब कई कानूनी सवाल उठाए गए तो सुप्रीमकोर्ट ने उस चुनाव को खारिज कर दिया था। 1989 में संसद से जन प्रतिनिधित्व क़ानून में संशोधन करके ईवीएम के इस्तेमाल का रास्ता खोला गया। 1993 में खुद कांग्रेस सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया।

**-अजय सेतिया-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# न आरक्षण खत्म होगा और न महतारी वंदन योजना बंद होगी: सीएम विष्णुदेव साय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत वाड्रफनगर के हायर सेकेंडरी हाई स्कूल के मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।









मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाना था वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलना चाहिए। सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीताना हैं। विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की लबरा और ठग कांग्रेस की सरकार को सरगुजा संभाग में उखाड़ कर फेंका। वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ से उखाड़ फेंकना है। सरगुजा संभाग की जनता ने मोदी जी की गांरटी पर भरोसा जताया और पूरी 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी को दी।

पांच साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। कोयला, रेत शराब और गोबर तक में घोटाला कर दिया। इनके नेता और इनका साथ देने वाले अधिकारी जेल में हैं और खुद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा ऐप में 508 करोड़ प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते तीन माह के भीतर ही 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया। 2, 100 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 से की । मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि 17 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव हो चुका है और कल दूसरे चरण में तीन लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। मैं आप सबसे कहना चाहूंगा कि चारों सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है और बाकी बची सात सीटें भी जीतेंगे। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग बहुत समय से हो रही थी जिसे भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया और एक आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया।? कांग्रेस यह भ्रम फैला रही है कि चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी आरक्षण खत्म कर देगी और महतारी वंदन योजना बंद हो जाएगी पर मैं आपको विश्वास दिलाता हूं जब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है महतारी वंदन योजना बंद नहीं होगी और केंद्र में मोदी जी की सरकार रहेगी आरक्षण नहीं खत्म होगा। डा रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल में जो भी योजनाएं थी उसे फिर से शुरू करेंगे।

केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी ने नारा दिया है अबकी बार 400 पार। मोदी की गारंटी के तहत सब काम हो रहा है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पांच साल विकास कार्यों को रोक दिया था पर भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों की कमी नहीं होने देगी। अब 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज होगा।? नेताम ने उपस्थित जनसमुदाय से 7 मई को उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की।

# महिलाओं के बीच का विवाद थाने पहुंचा,हुआ केस दर्ज




- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना पुलिस ने मारपीट व गालीगलौज करने के मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है। ग्राम अजिरमा निवासी उर्मिला सिंह पति कृष्णपाल सिंह ने पड़ोस में रहने वाली महिला व उसके पति के द्वारा अमर्यादित गाली-गलौज व डंडा, ईंट से मारने का प्रयास करने की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई है। इन्होंने पुलिस को बताया है कि पड़ोस में गगन विश्वकर्मा एवं उसकी पत्नी रीता विश्वकर्मा अपने बच्चों के साथ विगत एक वर्ष से रमेश कुशवाहा के मकान में किराए में रह रहे हैं। इनके द्वारा आए दिन मोहल्लेवासियों से गाली-गलौज किया जाता है। बीते दिवस रीता विश्वकर्मा सुबह करीब 7.00 बजे पुष्पा व पिपला का नाम लेकर गाली-गलौज करते हुए रोज दरवाजे पर कचरा डालने की बात कह रही थी। गाली-गलौज देने का कारण महिलाओं के समूह ने जानने का प्रयास किया तो उसका पति गगन विश्वकर्मा भी घर से बाहर निकल आया। इसके बाद दोनों पति-पत्नी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। गगन विश्वकर्मा घर से डंडा लेकर निकला और रीता विश्वकर्मा ईंट लेकर मारने को दौड़ाई, तो वे डरकर अपने-अपने घर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 34, 352, 506 का मामला दर्ज किया है। वहीं रीता विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीते दिवस उसके पति सुबह करीब सात बजे अपने काम कर जाने के लिए तैयार हो रहे थे और वह आंगन में बर्तन धो रही थी, इसी समय पड़ोस की महिलाएं पुष्पा पिपला, उर्मिला, संध्या सिंह व अन्य उसके घर के पास आकर गाली-गलौज करते हुए बोलने लगे कि यह तुम्हारा घर नहीं है, कुशवाहा का घर है और घर खाली करने के लिए कहने लगे। जब वह घर से नहीं निकलने की बात कही तो सभी हाथ, मुक्का, ईंट से मारपीट करने लगे, जिसमें उसे शरीर में कई जगह चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34 का केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा के इशारे पर काम कर रही चुनाव आयोग:दीपक बैज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव की तैयारियों को लेकर अंबिकापुर में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। सरगुजा संभाग के दौरे पर पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष बैज चुनाव से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार की तैयारियों का जायजा भी ले रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार सहित भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व पर निशाना साधा है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी असफल होती है तो कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाने का काम करती है। साथ ही कहा की भाजपा ने पूर्व में कहा था कि महंगाई कम करेंगे। 2 करोड लोगों को नौकरी देंगे, क्यों नहीं हुआ ? वही काला धन भी आज तक नहीं ला पाए। सिर्फ नाकामी को छुपाने के लिए इस तरीके का बयान बाजी




प्रधानमंत्री करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ 5 महीने का सवाल नहीं है। सवाल तो 10 साल का है। यह चुनाव देश का चुनाव है। इन 10 सालों में प्रधानमंत्री ने क्या किया ? उन्होंने कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री के खिलाफ माहौल चल रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार जिस तरह से जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आई है चार महीना में जनता के हित में किसी तरह का कोई भी काम नहीं हुआ है। भाजपा के सरगुजा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के लिए उन्होंने कहा कि उन्हें भाजपा से पूछना चाहिए कि किस आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर हुआ था, उन्हें भ्रष्टाचारी कहा गया। दम है तो वे भाजपा से सवाल पूछें। भाजपा- आरएसएस डंडे के दम पर चलती है, कोई सवाल नही कर सकता है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए। अगर कोई हेटस्पीच की बात करते हैं तो कांग्रेस के लोगों पर तत्काल कार्रवाई होती है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोगों पर हेट स्पीच के मामले में किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। ऐसे में लगता है कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के दबाव में काम कर रही है। चुनाव आयोग को एक समान तरीके से सभी दलों को देखना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीट में भाजपा से बेहतर परिणाम आने की बात कही है। बैज ने स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के सरगुजा आने की संभावना जताई हैं। जिसकी तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी जारी है।

# एमएसएसव्हीपी के शक्ति सदन में पहली बार हुआ मुस्लिम कन्या का निकाह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

एमएसएसव्हीपी शक्ति सदन में पहली बार मुस्लिम कन्या का निकाह संपन्न हुआ। मां के द्वारा दूसरा निकाह करने के बाद सौतेले पिता की गलत नजर और प्रताड़ना झेल रही बालिका ने वर्ष 2020 में बालिका गृह में आसरा लिया था। 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद वह वर्ष 2022 से शक्ति सदन में रह रही थी। मूलतः सतपता बिश्रामपुर निवासी उक्त मुस्लिम युवती जब बालिग अवस्था में पहुंची तो एमएसएसव्हीपी की डायरेक्टर डॉ. मीरा शुक्ला ने उसके भविष्य को देखते हुए सवाल किया तो उसने घर वालों से निकाह के लिए बात करने की इच्छा जाहिर की। एक बार परिवार के कुछ सदस्य शादी के लिए पहल शुरू किए, बाद में चाचा-चाची और दादा-दादी ने निकाह करने से इन्कार कर दिया। बाद में डॉ. मीरा शुक्ला ने उसका भविष्य संवारने के लिए आगे कदम बढ़ाया और उन्होंने जयनगर बिश्रामपुर निवासी गोलू उर्फ मोहम्मद जसीम पिता अब्दुल रसीद से शफीकुन निशा का




निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न कराया। इस दौरान स्थानीय अंजुमन कमेटी के लोगों व मौलाना की भी उपस्थिति रही। बड़ी बात यह है कि जिस मुस्लिम युवक से शफीकुन का निकाह हुआ, वह उससे विवाह करने के लिए स्वयं रजामंदी दी थी। युवक बिरयानी दुकान का संचालन करता है। बता दें डॉ. मीरा शुक्ला के द्वारा इसके पहले 22 विवाह संपन्न कराते हुए स्वयं कन्यादान किया है। देखा जाए तो इस मौके पर भी लड़की पक्ष की ओर से किसी की मौजूदगी नहीं रहने की स्थिति में अभिभावक के रूप में उनकी ही उपस्थिति रही। शफीकुन को मां के रूप में डॉ. मीरा शुक्ला का ममत्व मिला, उनके ही ममता की छांव में वह किशोरावस्था के दो वर्ष और युवावस्था के दो वर्ष गुजारी थी, विदाई की बेला में वह उनसे लिपटकर रो पड़ी। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख मो. ताजुद्दीन व जयन्ती सिंह सिटी मिशन मैनेजर एवं एमएसएसव्हीपी शक्ति सदन व बालिका गृह के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों की अवहेलना के 88 प्रकरण दर्ज



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

यातायात नियमों की अवहेलना करने के 88 प्रकरणों में पुलिस ने 44 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया है। पुलिस ने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 29 प्रकरण दर्ज कर 8700 रुपये समन शुल्क वसूल किया। वहीं वाहन चालकों द्वारा मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के 24 मामलों में 7200 रुपये, रेड सिग्नल जम्प कर वाहन चलाने वाले वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 04 प्रकरण दर्ज कर 1200 रुपये, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामले में 05 प्रकरण दर्ज कर 2500 रुपये, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 03 प्रकरणों में 6000 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया है। यातयात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए और 12 हजार 400 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया जा रहा है।

# सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही,इंटरनेट पर पोर्नोग्राफी अपलोड करने वाले हो जायें सावधान

» **चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों मे एन.सी.आर. बी. दिल्ली से प्राप्त साइबर टीप लाईन के आधार पर 08 प्रकरण किये गए दर्ज,01 विधि से संघर्षरत बालक समेत कुल 08 आरोपी किये गए गिरफ्तार**

» **सोशल मीडिया पर तीसरी आँख की हैं पैनी नजर,महिलाओ एवं बच्चों से सम्बंधित अपराधों में की जायगी सख्त कार्यवाही**

» **आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन एवं सिम किया गया बरामद**

» **यौन अपराधों पर लगाम लगाने सरगुजा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामलो मे सोशल मीडिया पर महिलाओ एवं बच्चों के अश्लील फोटो/वीडियो को अपलोड करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की गई हैं, सरगुजा पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर 08 मामलों में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर मामले मे 01 विधि से संघर्षरत बालक समेत कुल 08 आरोपियों कों गिरफ्तार किया गया हैं,भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली की एन.सी.आर.बी. द्वारा सीसीपीडब्ल्यूसी योजना के माध्यम से महिला एवं बच्चों के अश्लील फोटो/वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड होने की सतत् निगरानी की जाती है। जिसके संबंध में सरगुजा पुलिस द्वारा एन.सी.आर.बी. दिल्ली से प्राप्त सायबर टीप लाईन के आधार पर सायबर सेल अम्बिकापुर से आरोपियों के जिस आईडी से अश्लील फोटो/वीडियों अपलोड हुई हैं, उक्त आईडी के आईपी एड्रेस की जानकारी प्राप्त किया गया एवं आईपी एड्रेस के माध्यम से मोबाईल नम्बर ज्ञात कर धारक की जानकारी लेकर उसका लोकेशन प्राप्त कर आरोपियों के मोबाईल एवं सिम को जप्त किया गया है।

सायबर टीप लाईन के साथ प्राप्त सीडी में उक्त वीडियो की जांच की गई, जांच पर आरोपीयों के विरूद्ध उक्त प्रकरण की फोटो / वीडियो का अपलोड होने की घटना का पुष्टी होना पाये जाने से थाना कोतवाली मे आरोपी शशांक गुप्ता उम्र 29 वर्ष साकिन महामाया रोड अम्बिकापुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 271/24 धारा 67(बी) आई. टी. एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना कोतवाली के दूसरे प्रकरण मे आरोपी मनोज सिंह उम्र 25 वर्ष साकिन जशवंतपुर शंकरगढ़ जिला बलरामपुर हाल मुकाम चोपडापारा कोतवाली के विरुद्ध अपराध क्रमांक 272/24 धारा 67 (बी) आई. टी. एक्ट एवं पोक्सो एक्ट की धारा 14(1) का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना



कोतवाली के तीसरे प्रकरण मे विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 270/24 धारा 67 (बी) आई. टी. एक्ट एवं पोक्सो एक्ट की धारा 14(1) का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना गांधीनगर मे आरोपी प्रदीप सिंह उम्र 28 वर्ष साकिन आमगांव जयनगर जिला सूरजपुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 234/24 धारा 67(ए), 67(बी), आई. टी. एक्ट, 14 पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना मणीपुर मे आरोपी आयुष मिश्रा उम्र 19वर्ष साकिन कबीर वार्ड थाना मणीपुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 140/24 धारा 67(ए), 67(बी), आई. टी. एक्ट, 14 (1) पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना सीतापुर मे आरोपी विवेक प्रकाश लकड़ा उम्र 25 वर्ष साकिन रायकेरा बगीचापारा थाना सीतापुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 128/24 धारा 67, 67(क) आई. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना उदयपुर मे आरोपी संजय लकड़ा उम्र 25 वर्ष साकिन लालपुर केदमा थाना उदयपुर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 91/24 धारा 509(ख) भा.द.वि., 67 (बी) आई. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं, थाना लुन्ड्रा मे आरोपी इशरार अहमद उम्र 25 वर्ष साकिन खराकोना बीजापारा थाना लुन्ड्रा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 110/24 धारा 67(बी) आई.टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर सभी प्रकरणों के आरोपियों/विधि से संघर्षरत बालक कों गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख,सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, छत्रपाल सिंह, सुधीर सिंह, महिला आरक्षक स्मिता रागिनी मिंज,कौशल्या राजवाड़े, आरक्षक अनुज जायसवाल, लालदेव साय , बीरेंद्र पैकरा, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, अरविन्द उपाध्याय, शिव राजवाड़े, निरंजन बड़ा,उपेंद्र सिंह,पंकज देवांगन, शामिल रहे।

# पुर्तगाली झंडे वाले जहाज पर फंसे 16 भारतीयों की रिहाई की उम्मीदें बढ़ी,ईरान-पुर्तगाल के बीच हुई बातचीत

**दुबई,27 अप्रैल 2024।** ईरानी बलों ने दो हफ्ते पहले एक पुर्तगाली झंडे वाला जहाज अपने समुद्र क्षेत्र में जब्त किया था। इस जहाज में ज्यादातर भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद थे। इस घटना पर ताजा जानकारी देते हुए ईरान ने शनिवार को बताया कि भारतीय चालक दल को कॉन्सुलर सेवाएं दी जा रही है। इससे उनकी रिहाई और प्रत्यर्पण की उम्मीदें बढ़ गई हैं।



### जहाज में सवार भारतीयों की रिहाई की बढ़ी उम्मीदें

ईरान के अर्धसैनिक बल ने 13 अप्रैल को इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में कुल 25 लोग सवार थे जिसमें से 17 भारतीय थे। ईरान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पुर्तगाल के नए विदेश मंत्री पाउलो रंगेल ने ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियान से फोन पर बात की गई। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों पर अपने विचारों का आदान प्रदान किया और क्षेत्र की स्थिति पर भी बात की।

इस दौरान दोनों पक्षों ने ईरानी सेना द्वारा इस्राइल से जुड़े कार्गो जहाज को जब्त करने वाली घटना पर भी अपने विचार साझा किए। अमीरअब्दुल्लाहियान ने इस बातचीत के बाद कहा, ÷हम मानवीय मुद्दे के तौर पर जहाज में मौजूद चालक दल की रिहाई पर गंभीरता से विचार करेंगे। हमने तेहरान में उनके राजदूतों को कॉन्सुलर सेवाएं पहुंचाने की घोषणा की।÷

### महिला कैडेट को कर दिया गया रिहा

17 भारतीयों में शामिल एक अकेली महिला कैडेट ऐन टेसा जोसेफ को 18 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, शेष 16 भारतीय चालक दल की रिहाई में कुछ तकनीकी बातें शामिल हैं।÷ मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जहाज में मौजूद सभी भारतीयों का स्वास्थ्य फिलहाल ठीक है। उन्हें ईरानी अधिकारियों द्वारा भारतीय दल तक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान की गई थी। भारतीय अधिकारी लगातार चालक दल के संपर्क में हैं।

# रूस के खिलाफ मजबूत होगा यूक्रेन,अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने का किया एलान

**वॉशिंगटन, 27 अप्रैल 2024।** अमेरिका ने यूक्रेन को सबसे बड़ी सैन्य मदद देने का एलान किया है। इसके तहत अमेरिका यूक्रेन को 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद देगा, जिससे यूक्रेन हथियारों की खरीद करेगा, जिनमें पैट्रियट इंटरसेप्टर्स और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल है। इनकी मदद से यूक्रेन को रूस के हवाई हमलों से बचने में काफी मदद मिलेगी। यूक्रेन की तरफ से लंबे समय से पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने की मांग की जा रही थी।




### यूक्रेन को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य मदद

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को यूक्रेन को सैन्य मदद देने का एलान किया। यह मदद यूक्रेन सिक्योरिटी असिस्टेंस इनीशिएटिव (USAI) के तहत दी गई है, जिसकी मदद से यूक्रेन अमेरिकी कंपनियों से नए हथियारों का अधिग्रहण करेगा। पेंटागन में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ी सैन्य मदद है और यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई जल्द की जाएगी। इस सैन्य मदद के तहत यूक्रेन को अमेरिका से ड्रोन्स से निपटने वाला सिस्टम, आधुनिक हथियार और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार मिलेंगे।

60 अरब डॉलर की मदद का हिस्सा है 6 अरब डॉलर की मदद

अमेरिका ने यूक्रेन को 60 अरब डॉलर का सहायता पैकेज देने का एलान किया था। यह 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद भी उसी पैकेज का हिस्सा है। इस मदद से यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिलेगी। खासकर यूक्रेन को अमेरिका से एयर डिफेंस सिस्टम के तहत पैट्रियट मिसाइलें और एयर डिफेंस सिस्टम भी मिलेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी की सैन्य मदद पर खुशी जताई लेकिन ये भी कहा कि अभी उन्हें और एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है, जिससे रूस के हवाई हमलों से निपटा जा सके।

भारतीय युवक को लंदन में जेल

# हत्या के प्रयास में 16 साल का कारावास, प्रेमिका पर नौ बार चाकू से किया था हमला

**लंदन,27 अप्रैल 2024।** लंदन की एक अदालत ने एक भारतीय युवक को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई है। 25 वर्ष के श्रीराम अंबरला पर दो साल पहले एक भारतीय छात्रा की हत्या के प्रयास के आरोप हैं। पूर्वी लंदन में एक हैदराबादी रेस्तरां में महिला पर चाकू वार किया गया था। इसी आरोप में पुलिस ने अंबरला को गिरफ्तार किया था और गुरुवार को उसने ओल्ड बेली कोर्ट में अपना गुनाह कुबूल कर लिया।

### हैदराबादी रेस्तरां में वेट्रेस का काम करती थी पीड़िता

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों युवक-युवती 2022 में पूर्वी लंदन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने आए थे। यहां अंबरला उसका पीछा करने लगा। 2022 में हमले से पहले वह युवती को धमका रहा था। केरल की रहने वाली छात्रा रेस्तरां में वेट्रेस के रूप में काम करती थी। वह अपना स्नातकोत्तर पूरा कर चुकी है।



दोनों पहले से एक दूसरे को जानते थे हालांकि, 2019 में दोनों अलग हो गए थे।

### न्यायाधीश ने फैसले के दौरान कही यह बात

न्यायाधीश फिलिप कॉट्ज ने मामले में अंबरला को ईर्ष्यालु बताया। फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि युवती की मौत नहीं हुई, इसमें आपका कोई योगदान नहीं है। आपने तो उसे सार्वजनिक रूप से अपने हाथों से मारने का प्रयास किया ही था। अदालत ने पीड़िता से दोबारा संपर्क करने के लिए अंबरला पर प्रतिबंध लगा दिया है। अदालत को बताया गया कि अंबरला ने युवती पर हमला करने के बाद पुलिस अधिकारियों को सूचित किया कि उसने अपनी प्रेमिका को चाकू मार दिया है। बाद में उसने कहा कि वह भारत वापस जाना चाहता है, जिससे उसे मौत की सजा दी जा सके।

### पीड़िता के शरीर पर नौ घाव, छह सर्जरी कराई गई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान सीसीटीवी फुटेज और पीड़िता के शरीर पर चाकू के नौ घावों की मेडिकल रिपोर्ट भी अदालत में पेश की गई। पीड़िता की छह सर्जरी हुई। उसे लगभग एक महीने तक गंभीर देखभाल में रखा गया। अंबरला की जांच करने वाले दो फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिकों ने पाया कि वह खतरनाक अपराधी है। मनोवैज्ञानिकों ने इस तथ्य को खारिज कर दिया कि बॉर्डरलाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर के कारण हमले के दौरान उसके निर्णय में कमी आ सकती थी।

# पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत कर रहा चीन,पड़ोसी के लिए आठ हंगोर श्रेणी की पनडुब्बियां बना रहा ड्रैगन

**इस्लामाबाद,27 अप्रैल 2024।** चीन, भारत के खिलाफ पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत करने में जुटा है। इसी के तहत चीन ने आठ हंगोर श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। चीन ये आधुनिक पनडुब्बियां पाकिस्तान के लिए ही बना रहा है। इस पनडुब्बी सौदे से चीन और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।



### सौदे के तहत पाकिस्तानी नौसेना को तकनीक भी देगा चीन

चीन के शुआंगलियु बेस पर वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप ने शुक्रवार को इन पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पाकिस्तानी नौसेना के चीफ एडमिरल नवीद अशरफ भी मौजूद रहे। चीन और पाकिस्तान के बीच हुए सौदे के तहत हंगोर श्रेणी की चार पनडुब्बियों का निर्माण चीन में होगा और बाकी की चार पनडुब्बियों का तकनीक ट्रांसफर समझौते के तहत पाकिस्तान के कराची में स्थित कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स में तैयार किया जाएगा। ये पनडुब्बियां अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस हैं, जिसमें आधुनिक हथियार, सेंसर्स लगे हैं।

### पाकिस्तान को युद्धक जहाज भी दे चुका है चीन

पाकिस्तानी नौसेना के चीफ ने कहा कि मेरीटाइम सिक्योरिटी, भू-रणनीतिक माहौल और क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व के लिए पनडुब्बियों का ये सौदा अहम है। उन्होंने ये भी कहा कि इस सौदे से चीन और पाकिस्तान की दोस्ती में भी नए आयाम जुड़ेंगे। पाकिस्तान और चीन लगातार सैन्य सहयोग बढ़ा रहे हैं। बीते साल भी चीन निर्मित युद्धक जहाज दो नए युद्धक जहाज पाकिस्तानी नौसेना में शामिल किए गए थे।



# बंधक समझौते पर चल रही बातचीत का था यह आखिरी मौका, मिस्र को इस्राइल की चेतावनी

**यरुशलम,27 अप्रैल 2024।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, इस्राइल ने जमीनी हमला शुरू करने से पहले एक बार आखिरी मौका देने की बात कही। उसने चेतावनी देते हुए कहा कि वह बंधकों की रिहाई पर समझौता करने के लिए गाजा और मिस्र के बीच चल रही बातचीत को आखिरी मौका दे रहा था।



**संघर्ष विराम समझौते के लिए यह आखिरी मौका**-राफा में हमले और हमास के साथ बंधक समझौते पर इस्राइली और मिस्र के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के बीच चर्चा शुक्रवार को समाप्त हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार इस्राइल ने चेतावनी दी कि लंबे समय से नियोजित हमले करने से पहले संघर्ष विराम समझौते के लिए यह आखिरी मौका था।

**बातचीत काफी अच्छी रही**-इस्राइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बातचीत काफी अच्छी रही। सभी मापदंडों में प्रगति हुई है। मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई चर्चा को लेकर इस्राइली अधिकारी ने कहा कि राफा में आगे बढ़ने के इस्राइल के बहुत गंभीर इरादे हैं। मिस्रवासी हमास पर दबाव डालने के लिए तैयार दिखाई दिए।

**राफा में हमले को लेकर परेशान मिस्र**-अधिकारी ने बताया कि मिस्र का प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में इस्राइल में है। बंधकों को मुक्त करने और गाजा में संघर्ष विराम स्थापित करने के लिए लंबे समय से रुकी हुई वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा कर रहा है। मिस्र अपनी सीमा के पास राफा में हमले को लेकर परेशान है। हाल के महीनों में, लगभग 10 लाख फलस्तीनी राफा से पलायन कर चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कतर और मिस्र द्वारा महीनों की बातचीत के बाद भी मौलिक उद्देश्यों पर असहमति ने हमास और इस्राइल को एक समझौते पर आने से रोक दिया है।

**नेतन्याहू ने दे चुके हैं धमकी**-इससे पहले, 15 मार्च को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने राफा में एक ऑपरेशन के लिए सेना की योजना को मंजूरी दे दी है। हालांकि, ऑपरेशन का समय नहीं बताते हुए नेतन्याहू ने कहा था कि राफा में प्रवेश करने और वहां आतंकवादी बटालियनों को नष्ट करने की आवश्यकता है।

लोकसभा निर्वाचन-2024

# मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। मतदाता अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का ने बताया है कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार





**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक युवती ने 26 अप्रैल को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वर्ष 2019 में ग्राम सुखरी, राजपुर निवासी पुरषोत्तम से उसका जानपहचान हुआ था। इसके बाद दोनो की बात मोबाइल फोन पर होती थी। पुरषोतम युवती के किराए के कमरे में आना-जाना भी करता था। घटना दिनांक 17 जनवरी 2021 को जब वह अपने कमरे में अकेले थी, तब पुरषोत्तम ने युवती को शादी करने का झांसा दिया और जबरन दुष्कर्म किया। युवती ने पुलिस को बताया है कि आरोपी घटना दिनांक के बाद से मार्च 2024 तक लगातार वह दुष्कर्म करने के बाद शादी करने से इन्कार कर दिया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पुलिस ने धारा 376 (2) (एन) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी करके पकड़ा और पूछताछ की, तो सुखरी राजपुर निवासी पुरषोत्तम 29 वर्ष ने दुष्कर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कार्रवाई में थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, सियाराम मरावी, महिला आरक्षक कौशल्या राजवाड़े, आरक्षक दीनदयाल सिंह, विवेक राय शामिल रहे।



# नवोदय विद्यालय में चयन पर जताई खुशी

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बिश्रामपुर कारमेल स्कूल के छात्र उमंग प्रजापति का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में कक्षा 6 के लिए हुआ है। उनकी सफलता पर खुशी जताते हुए स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि उमंग काफी मेहनती और होनहार छात्र हैं। छात्र के पिता जितेन्द्र प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बधाई देकर हौसला बढ़ाया।

# पिकअप की ठोकर से ऑटो सवार घायल हुए एक की मौत




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदारी में जा रहे ऑटो सवारों को पिकअप का चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन करते हुए ठोकर मार दिया। दुर्घटना में घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां उपचार के दौरान एक वृद्ध की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के बिश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुरूवां निवासी रामधारी पिता स्व. गेंदु राम 25 अप्रैल को अपरान्ह करीब 2-3 बजे घर से ग्राम तेलईकछार में रहने वाले रिश्तेदार सुकुल राजवाड़े के यहां जाने के लिए निकला था। ऑटो में हंस, गायत्री, लकेश्वर सहित अन्य सवार थे। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में पेट्रोल पंप के पास अज्ञात पिकअप का चालक तेज गति में ऑटो को ठोकर मारकर फरार हो गया, ऑटो सवार छिटककर दूर गिर गए। दुर्घटना में ऑटो सवार रामधारी, जगेसिया, हंस सहित अन्य घायल हुए थे। घायलों को बिश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां से रेफर करने पर रामधारी, जगेसिया व हंस को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान 26 अप्रैल की रात 9.10 बजे रामधारी 60 वर्ष दम तोड़ दिया। दो अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# मतदाता पर्ची बांटने लोगों के घर खुद पहुंचे कलेक्टर,मतदान अवश्य करने का दिया संदेश





**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग के लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु 07 मई को तृतीय चरण में मतदान होना है। मतदान से पूर्व बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। रविवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर स्वयं मतदाता पर्ची वितरण के कार्य का जायजा लेने निकले। उन्होंने स्वयं प्रशासनिक अमले के साथ मिलकर मायापुर, बौरीपारा, नवापारा, चोपड़ापारा सहित अन्य वार्डों में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने मतदाताओं को वोट के महत्व को बताते हुए 07 मई मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में जाकर मतदान अवश्य करने अपील की। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से भी मिलकर ग्राहकों को मतदान हेतु जागरुक करने कहा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक और सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर ने भी इस कार्य में सहयोग किया।

# क्या आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में एक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जहां जमीन पर ही बैठकर कथा सुनी...वहीं एक पूर्व अध्यक्ष को मंत्री के कहने पर मिली कुर्सी ?









- रवि सिंह -
कोरिया/कोरबा/एमसीबी 27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

क्या कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील के लिए चिरमिरी के गोदरीपारा मैदान में बागेश्वर बालाजी महराज आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का एक दिवसीय रामकथा आयोजन संपन्न हुआ? आयोजन पूरी तरह भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी की तरफ से आयोजित था और यह पहले एक दिवसीय था वहीं यदि वह जीत दर्ज कर ले जायेंगी तो यही कथा सात दिवसीय होगा यह लगातार मंच से उदघोष होता रहा जो आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के ही छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के संयोजक लगातार मंच से कहते रहे और उपस्थित श्रद्धालुओं से वह भाजपा प्रत्याशी को मतदान करने की अपील करते रहे। चिरमिरी के गोदरीपारा मैदान में आयोजित एक दिवसीय रामकथा आयोजन भले ही भाजपा का लोकसभा प्रत्याशी के लिए मत अपील का कार्यक्रम था लेकिन बागेश्वर बालाजी आचार्य धीरेंद्र शास्त्री को मानने वाले लोगों के लिए उनके अनुयायियों के लिए उनके आराध्य का नगर आगमन था इसलिए लोगों का पहुंचना भी जारी था यह आरोप विपक्ष का था।

ज्ञात हो की पहले आगमन का समय 1 बजे निर्धारित था जो बाद में 2 बजे से बाद संभव हो सका जब आचार्य मैदान में बने मंच पर पहुंचे जबकि श्रद्धालु सुबह से ही भूखे प्यासे उनके इंतजार में बैठे थे। कार्यक्रम भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी ने भले ही इस उद्देश्य से आयोजित किया था की भीड़ काफी होगी और एक साथ एक बड़ी भीड़ के सामने वह अपने लिए समर्थन मांग सकेंगी लेकिन भीड़ उस स्तर की जुटी नहीं और कुल मिलाकर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का जो एक अनुयायी समूह है वह कहीं न कहीं कार्यक्रम राजनीतिक होने की वजह से भी नहीं पहुंचा जो माना जा रहा है। वैसे बताया यह भी जा रहा है की यही कार्यक्रम यदि बैकुंठपुर के आसपास कहीं होता कार्यक्रम में भीड़ अपार होती वहीं यदि भाजपा प्रत्याशी के जीत के लिए ही आयोजित कार्यक्रम था तो इसका असर सरगुजा लोकसभा सीट पर भी पड़ता। वैसे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के चिरमिरी पहुंचने से कई घंटे पहले ही श्रद्धालु मैदान में पहुंच चुके थे जो भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी के लिए सुनहरा अवसर था वह लगातार भीड़ में स्वास्थ्य मंत्री के साथ पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रही थीं वहीं श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी जारी थी। वैसे इस बार पहली बार ऐसा हुआ की आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कथा अयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा होती देखी गई। कथा अयोजन को लेकर वैसे समय काफी कम मिला था फिर भी प्रचार प्रसार में कमी हुई थी यह कहना गलत होगा क्योंकि सोशल मिडिया के इस युग में प्रचार एक दिन में ही संभव हो जाता है।

**» बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र शास्त्री पहुंचे चिरमिरी, क्या कोरबा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के प्रचार के लिए आयोजित था एक दिवसीय कथा ?**

**» आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की कथा से पूर्व भाजपा नेताओं ने मांगा उपस्थित श्रद्धालुओं से भाजपा प्रत्याशी के लिए वोटःसूत्र**

**» सुबह से ही लोकसभा प्रत्याशी के साथ भाजपा नेता श्रद्धालुओं के बीच पहुंचते रहे,जीत के लिए समर्थन की मांग करते रहे...**

**» छत्तीसगढ़ के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की रूपरेखा देखने वाले बसंत अग्रवाल तो हर पल कोरबा लोकसभा प्रत्याशी के लिए मांगते रहे समर्थन...**

**» एक दिवसीय की जगह सात दिवसीय होगा आयोजन यदि भाजपा प्रत्याशी की होगी जीत यह भी कहते रहे बसंत अग्रवाल...**

**» कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के लिए भी कई स्तर की थी बैठक व्यवस्था,मंत्री विधायक जिलाध्यक्ष को पार्टी के ही वरिष्ठ लोगों का नहीं था ध्यान...**

**» कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष ने अपने ही क्षेत्र से आए भाजपा नेताओं का नहीं दिया ध्यान,विधायक मंत्री के साथ ही वह चिपके रहे...**

**» आम लोग सुबह से ही पहुंच चुके थे पंडाल में,पंडाल व्यवस्था में रत कार्यकर्ताओं से लोगों की बार बार होती रही हुज्जत...**

**» पंडाल व्यवस्था में रत कार्यकर्ता जो की युवा थे लोगों के मान सम्मान का नहीं रख रहे थे ख्याल,इसलिए हो रही थी हुज्जत...**

**» कार्यक्रम में भीड़ से ज्यादा बनाए गए थे व्यवस्था के लिए कार्यकर्ता इसलिए भी हो रही थी हुज्जत...**

**» कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता भी नजर आए,कार्यक्रम का विरोध करने वाले भी पहुंचे थे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री को देखने...**

**» कार्यक्रम में नहीं जुटी अपेक्षित भीड़,आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के आते ही लोग मैदान से जाने भी लगे...**

**» राजनीतिक पार्टी के प्रचार में पहुंचे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में इसलिए भी नहीं हुई भीड़ क्योंकि कार्यक्रम एक प्रत्याशी के प्रचार के लिए आयोजित था...**

### भाजपा के दो जिलों के जिलाध्यक्ष अपनी ही कुर्सियों में चिपके रहे,एमसीबी जिलाध्यक्ष तो एक दो बार उठे बैठे भी लेकिन कोरिया जिलाध्यक्ष ने एक बार भी अपनों की सुध नहीं ली

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम जो चिरमिरी में आयोजित था में दो जिलों के भाजपा जिलाध्यक्ष उपस्थित थे और दो जिलों के लोग भी उपस्थित थे जो कार्यक्रम की भीड़ थे सफलता थे। भीड़ के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उपस्थित हुए थे जो दोनों जिलों से थे। सूत्रों की माने तो एमसीबी जिलाध्यक्ष तो कुछ देर अपने लोगों की सुध लेते नजर आए लेकिन कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष अपनी कुर्सी से जो चिपके वह तभी तभी उठे जब उन्हे मंच पर बुलाया गया। कौन उनके जिले से वरिष्ठ भाजपाई आया है कौन उनके जिले से मतदाता आया है किसी का अभिवादन करने वह भीड़ की तरफ नजर नहीं आए जबकि वह जा सकते थे। वैसे कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष खुद तक ही सीमित माने जाते हैं। उनका पहला प्रयास यही देखा गया है की उन्हे मंच पर सम्मान मिलता रहे बाकी अन्य वरिष्ठ मंच पर जगह भी न पाएं तो भी उन्हे कोई फिक्र नहीं रहती। वैसे मंच पर भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष विधायक के साथ अपनी उपस्थिति बनाते नजर आए।

### कार्यक्रम चूंकि पूरी तरह भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के उद्देश्य से आयोजितः कांग्रेस

कार्यक्रम चूंकि पूरी तरह भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के उद्देश्य से आयोजित था इसलिए वहां कार्यकर्ता व्यवस्था देखने वाले लोग भी भाजपा के ही नेता थे कार्यकर्ता थे जिनकी संख्या उपस्थित श्रद्धालुओं से भी ज्यादा हो गई थी जिसके कारण बाहर से आए श्रद्धालुओं से उनकी हुज्जत होती रही। व्यवस्था देख रहे कार्यकर्ता अपनी ही धुन में मस्त थे उन्हे उपस्थित श्रद्धालुओं के मान सम्मान की भी फिक्र नहीं थी और उन्हे छोटे बड़ों का लिहाज भी नहीं था जो नजर आया। वैसे लोगों ने सब कुछ इसलिए सह लिया क्योंकि उन्हे अपने आराध्य आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी के दर्शन करने थे और जिसके कारण वह कुछ अभद्रता भी सहकर चुप रह गए।

सूत्रों की माने तो भाजपा के वह लोग जो इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी देख रहे थे वह भाजपाइयों को ही तवज्जो नहीं दे रहे थे खासकर वरिष्ठ और पुराने भाजपाइयों को कोई पूछने भी नहीं आया की उन्हे स्थान मिला की नहीं। संयुक्त कोरिया जिले के दौरान के दो दो पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित हुए एक को जमीन में बैठकर कार्यक्रम में शिरकत करते देखा गया वहीं एक को कुर्सी तब मिल सकी जब उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से अर्जी लगाई। वैसे एमसीबी जिले के भाजपाइयों को लेकर बैठक व्यवस्था बेहतर थी लेकिन कोरिया जिले से पहुंचने वाले भाजपाइयों के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं थी यह बताया जा रहा है। वैसे कार्यक्रम में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का विलंब से आना श्रद्धालुओं के सब्र को पार कर गया और लोग उनके आते ही उनके एक झलक पाते ही लौटने लगे अधिकांश ने कथा का रसपान करना मुनासिब नहीं समझा।

### भाजपा के ही दो पूर्व जिलाध्यक्ष पहुंचे कार्यक्रम में,एक को मंत्री जी ने दिलाई कुर्सी,एक ने जमीन पर बैठकर सुनी कथा

संयुक्त कोरिया जिले के दो पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कार्यक्रम में पहुंचे थे। एक को किसी तरह मंत्री जी के कहने पर कुर्सी मिल सकी जो नहीं मिल पा रही थी वहीं एक को जमीन पर ही बैठकर कार्यक्रम का आनंद लेना पड़ा। वैसे जमीन पर भी बैठकर पूर्व जिलाध्यक्ष ने किसी से शिकायत नहीं की जबकि कई नए नवेले भाजपा में प्रवेश करने वाले भी कुर्सी दौड़ में आगे थे। वैसे भाजपा का संगठन अनुशासित माना जाता है और वरिष्ठ कनिष्ठ की इज्जत और एक मर्यादा संगठन में होती है इसलिए यह सफल संगठन है ऐसा माना जाता है लेकिन चिरमिरी के कार्यक्रम में यह नजर नहीं आया। वरिष्ठ जहां जमीन पर गुमनाम व्यक्ति की तरह बैठकर कथा सुनकर लौट गए वहीं नए भाजपाई कई स्तर के कार्ड के साथ गैलरी में ही घूमते रहे।

### कार्यक्रम प्रत्याशी के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होगा या कम फायदेमंद यह कह पाना मुश्किल

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी का एक दिवसीय रामकथा कार्यक्रम चिरमिरी में कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ने आयोजित कराया और उन्होंने यह वादा किया लोगों से की यदि वह जीतकर आती हैं तो वहीं वह सात दिनों का कार्यक्रम आयोजित कराएंगी जो उनका वादा है। वैसे चिरमिरी में आयोजित एक दिवसीय एक दिवसीय रामकथा आयोजन में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी को फायदा होगा चुनाव में की नुकसान यह अभी से कह पाना मुश्किल है क्योंकि कार्यक्रम में एक तो आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का विलंब से आना और फिर व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं की हुज्जत से लोग परेशान हुए जिसका नुकसान भी हो सकता है क्योंकि कई लोग कार्यकर्ताओं से नाराज होकर भी लौट गए जैसा बताया जा रहा है।

### कार्यक्रम में इतने थे व्यवस्था देखने वाले की उनकी ही संख्या हो गई थी अधिक,अव्यवस्था के लिए वह भी रहे जिम्मेदार

कथा कार्यक्रम में व्यवस्था देखने वालों की संख्या ज्यादा ही नजर आई। सूत्रों की माने तो कार्यकर्ता हद से ज्यादा थे जो खुद ही अव्यवस्था का कारण बन बैठे थे। रास्तों में और सामने खड़े होकर पीछे सुबह से बैठे श्रद्धालुओं के बीच और आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी के बीच वह दीवार का काम कर रहे थे। अनेकों बार हुज्जत करते वह श्रद्धालुओं से नजर आए। कुल मिलाकर वह यह मान बैठे थे की कार्यक्रम भाजपा का है इसलिए वह ही सर्वेसर्वा हैं अन्य के मान सम्मान का उन्होंने नही। रखा ध्यान।

### कांग्रेस नेताओं की भी उपस्थिति नजर आई

कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं की भी उपस्थिति नजर आई। पूर्व विधायक के प्रतिनिधि और पार्षद शिवांश जैन के साथ कई कांग्रेसी कार्यक्रम में नजर आए। वैसे कांग्रेसी ही इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे थे वहीं उनकी उपस्थिति से यह साबित होता है की वह आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के अनुयाई हैं और ऐसे में वह पार्टी लाइन से हटकर भी कार्यक्रम में शामिल होने से नहीं चूके।

### भाजपा को कार्यक्रम के बाद फायदा होगा या नुकसान अभी कह पाना जरा जल्दबाजी

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के बाद भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में फायदा ही हो जायेगा यह कहना जल्दबाजी होगी। कथा कार्यक्रम के नाम पर भीड़ जुटाकर जिस तरह लोगों से घंटों पार्टी प्रत्याशी के लिए मतदान की अपील की जाती रही उसके बाद लोगों का क्या रुख होने वाला है यह मतदान और परिणाम के बाद समाने आने वाला मामला है वैसे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जी को बुलाकर लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील का कार्यक्रम आयोजित किया जाना उनके ही अनुयाई समूह को नागवार गुजरा है जैसा बताया जा रहा है जो सुनने को मिला है।

### भाजपा नेताओं का घमंड भी नजर आया,लोगों को पहचानने से भी परहेज करते रहे भाजपा नेता,क्या ऐसे ही फतेह होगा मिशन 400 का लक्ष्य

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं का घमंड भी नजर आया। अपने ही लोगों को लोग पहचानने से इंकार करते नजर आए। वैसे यदि यही हाल होगा तो लक्ष्य 400 पार कैसे पार होगा यह बड़ा प्रश्न है। वैसे भाजपा नेताओं में ही कुछ की आपसी चर्चा भी सुनने को मिली जिसमे मुकाबला बराबरी का मान रहे हैं भाजपा के कुछ नेता वहीं वह कांग्रेसियों की एकजुटता की भी तारीफ कर रहे हैं।

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सामने स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी हाथ जोड़े खड़ी रही

कार्यक्रम में यह भी देखने को मिला की स्वास्थ्य मंत्री साथ ही लोकसभा प्रत्याशी आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के सामने हांथ जोड़कर खड़े नजर आए। वह हांथ जोड़कर अपने लिए जीत का आशीर्वाद मांग रही थीं मंत्री जी भी लोकसभा प्रत्याशी की जीत का आशीर्वाद मांग रहे थे जिससे उनकी कुर्सी बची रहे यह बताया जा रहा है।

### एमसीबी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने की रखी थी मांग

एमसीबी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा था। वैसे उन्होंने यह भी मांग की थी की कार्यक्रम का खर्च प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जाए।

## भाजपा युवा मोर्चा जिला कोरिया की टीम कर रही कोरिया जिले में सांसद प्रत्याशी सरोज पांडे का जोरदार प्रचार

- संवाददाता -
कोरिया,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश सिंह लगातार हर मंडल हर जगह जगह जिले के युवाओं से संपर्क करने का काम हो युवामोर्चा की बैठक लेते हुए, जन संपर्क युवा चौपाल लगा रहे है चाहे चौक चौराहों में पोस्टर लगवाने का काम हो भाजपा का युवा मोर्चा एक्टिव दिख रहा है लोगो से बाजार में जन संपर्क कर लोक सभा सांसद प्रतयासी सरोज पांडे के लिए हर जगह पहुंच रहा है अगर कहा जाए तो गलत नहीं होगा भाजयुमो जिला पद अधिकारी से लेके भाजयुमो मंडल के लोग सरोज पांडे के लिए जान से लगे है, हितेश प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार गांव गांव से सब से ज्यादा युवा और महिला



वोटर में मोदी और संसद प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे जी के लिए उत्साह है महतारी वंदन योजना का ज्यादा फायदा भाजपा को मिलेगा साथ ही हिंदू समाज राम मंदिर बनने से मोदी जी के लिए एक तरफा वोट कर रहा है सरोज पांडे एक तरफा बड़े बहुमत से जीतने जा रही है।

## सूरजपुर पुलिस ने 444 स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़कर किया माननीय न्यायालय में पेश

**» वर्षो से फरार चल रहे थे वारंटी**

- संवाददाता -
सूरजपुर,27 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा अपराधों की रोकथाम के लिए उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने वर्षो से फरार स्थाई वारंटियों की जानकारी हासिल कर उन्हें पकड़ने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है जिसके बाद से पुलिस ने अभियान चलाकर 444 वारंटियों को पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में जिले के थाना चौकी की पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 से 27 अप्रैल 2024 तक कुल 444 वारंटियों को पकड़ा है जिनमें 123 स्थाई वारंट व 321 गिरफ्तारी वारंट शामील है। जिले सहित दिगर जिलों से भी वारंटियों को धर दबोचा गया है। इनमें कई वारंटी वर्षो से फरार चल रहे थे जिनके विरूद्ध गंभीर अपराध सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध थे।




इसी क्रम में शनिवार को थाना जयनगर पुलिस के द्वारा धारा 420, 34 भादसं. के मामले में वर्षो से फरार स्थाई वारंटी छेदी गिरी उर्फ खिरमिट निवासी ग्राम बिशुनपुर, थाना सीतापुर तथा थाना सूरजपुर द्वारा आबकारी एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी सहदेव राम निवासी ग्राम बेलटिकरी, थाना सूरजपुर को पकड़ा है और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# कोरिया जिले के पटना में मुख्यमंत्री की जनसभा में नहीं जुटी भीड़,मुख्यमंत्री के सामने जिलाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्ष पर भड़की लोकसभा प्रत्याशी

## मुख्यमंत्री की जनसभा में सैकड़ों की ही संख्या में जुटे लोग,हजार का आंकड़ा भी नहीं जुटा पाए भाजपा जिलाध्यक्ष कार्यकर्ता







» कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने भी दबी जबान से जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष पर कार्यक्रम की असफलता का ठीकरा फोड़ा...

» भाजपा जिलाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्ष के जिम्मे थी मुख्यमंत्री के सभा की व्यवस्था, कार्यकर्ताओं को ही संसाधन नहीं मिला कार्यकर्ताओं का है आरोप...

» एकला चलो की नीति पर चल रहे जिलाध्यक्ष,दो चार के अलावा किसी पर नहीं उन्हे विश्वास यही है कार्यकर्ताओं की भड़ास...

» युवाओं की संख्या भी गिनती की रही,पूरे कार्यक्रम में नारे लगाने के लिए भी नहीं नजर आए युवा कार्यकर्ता...

» कार्यक्रम की एकमात्र सफलता यह रही की एक कांग्रेसी ने कुछ साथियों के साथ ग्रहण की भाजपा की सदस्यता...

» लोकसभा प्रत्याशी ने उपस्थित लोगों की संख्या कम पाकर मुख्यमंत्री के सामने ही जिलाध्यक्ष को लगाई फटकार:सूत्र

**- रवि सिंह -**
**कोरिया 27 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान लगातार राजनीतिक दलों का अपना अपना प्रचार अभियान जारी है। इसी तारतम्य में राजनीतिक दलों के बड़े नेता क्षेत्र में पहुंच रहे हैं और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में भाजपा से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करने प्रदेश के मुख्यमंत्री कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के ग्राम पटना पहुंचे जहां उनकी सभा आयोजित थी। आयोजित सभा में भीड़ की संख्या सैकड़ों में ही सिमटी नजर आई जिसके बाद लोकसभा प्रत्याशी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने कोरिया जिलाध्यक्ष भाजपा को जमकर फटकार लगाई और तब तक फटकार लगाई जबतक वह वहां से चले नहीं गए। यह वाकया तब हुआ जब मुख्यमंत्री भोजन के लिए बैठे हुए थे और जब सीमित लोग पार्टी के वहां उपस्थित थे।

वैसे सूत्रों की माने तो जिलाध्यक्ष भाजपा को लोकसभा प्रत्याशी ने खूब खरीखोटी सुनाई व्यवस्था को लेकर वहीं उन्होंने यह भी कहा जैसा सूत्रों का दावा है की मुख्यमंत्री की सभा में 100 लोग उपस्थित नहीं है ।

वैसे बताया जा रहा है की लोकसभा प्रत्याशी ने अपना गुस्सा मंडल अध्यक्ष पर भी निकाला क्योंकि पटना मंडल अंतर्गत ही कार्यक्रम आयोजित था। वैसे कार्यक्रम के अंतिम समय तक जब मुख्यमंत्री के जाने जा समय हुआ तब तक भीड़ 500 का आंकड़ा पार कर गई और कार्यक्रम का सम्मान जरा बच गया। वैसे बताया जा रहा है की पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी खासे नाराज थे क्योंकि किसी को कोई जिम्मा जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष ने नहीं प्रदान किया था केवल दो लोग और एक दो अन्य पदाधिकारी ही जिलाध्यक्ष के खास व्यवस्था में लगे थे जिसकी वजह से भीड़ नहीं जुट सकी क्योंकि संसाधन किसी को प्रदान नहीं किया जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष ने जैसा कार्यकर्ताओं की जबानी सुनी गई बात। मुख्यमंत्री का यह पहला कार्यक्रम था कोरिया जिले में वह भी बैकुंठपुर विधानसभा के पटना ग्राम में और पहली बार के कार्यक्रम में जैसी भीड़ जुटनी चाहिए थी वह नहीं जुट सकी जिसे कार्यक्रम की असफलता ही कहेंगे।

### कार्यक्रम में जुटी भीड़ स्वस्फूर्त भीड़ थी,भीड़ जुटाने कोई प्रयास जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष ने नहीं किया किसी कार्यकर्ता को जिम्मा नहीं दिया यह भी सुना गया

भीड़ जो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जुटी जिसकी संख्या 500 के लगभग रही वह स्वस्फूर्त वह भी आसपास के रहवासियों की भीड़ रही। भीड़ जुटाने के लिए जिलाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष ने कोई प्रयास नहीं किया यह बात कार्यकर्ताओं के ही मुंह से सुनने को मिला ।कार्यकर्ताओं को यह भी कहते सुना गया की उन्हे सोशल मिडिया में केवल उपस्थित होने की सूचना दी गई वह भी जिला महामंत्री द्वारा पहले और फिर मंडल अध्यक्ष द्वारा शेष उन्हे कोई जवाबदेही नहीं दी गई। कार्यक्रम इसलिए ही फ्लॉप शो साबित हुआ ।कार्यकर्ताओं का यह भी कहना सुना गया की उन्हे कोई कहता वह भीड़ के साथ उपस्थित होते संख्या के लिए प्रयास करते लेकिन उन्हे खुद केवल उपस्थित होने कहा गया अन्य उन्हे कोई निर्देश नहीं दिया गया।

### मुख्यमंत्री के सामने जिलाध्यक्ष को लोकसभा प्रत्याशी ने लगाई फटकार,खुद मंच पर जाने से किया इंकार,मुख्यमंत्री के कहने पर पहुंची मंच पर,सूत्र

सूत्रों की माने तो लोकसभा प्रत्याशी कोरबा ने मुख्यमंत्री के सामने ही भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष को फटकार लगाई,भीड़ की संख्या सैकड़ों में ही देखकर उन्होंने यह फटकार लगाई और खुद मंच पर जाने से ही उन्होंने मना कर दिया। बताया जा रहा है यह घटना तब की है जब मुख्यमंत्री भोजन करने पहुंचे हुए थे। बाद में मुख्यमंत्री ने ही लोकसभा प्रत्याशी को समझाया और मंच पर जाने का आग्रह किया तब वह मंच पर पहुंची और लोगों से अपने लिए मतदान की अपील की। सूत्रों की माने तो लोकसभा प्रत्याशी ने जिलाध्यक्ष को तब तक फटकार लगाई जब तक की वह उनके सामने से दूर नही चले गए। बताया जा रहा है की जिलाध्यक्ष ने भीड़ जुटाने कोई प्रयास किया ही नहीं।

### मंडल अध्यक्ष पटना को भी मंच पर लगाई लोकसभा प्रत्याशी ने फटकार,भीड़ कम देखकर कई बार भड़की लोकसभा प्रत्याशी

कोरबा लोकसभा प्रत्याशी भाजपा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दिन कई बार नाराज होती नजर आईं। सूत्रों की माने तो उन्होंने मंडल अध्यक्ष पटना को भी मंच पर फटकार लगाई। मंच पर उन्होंने मंडल अध्यक्ष को कम जुटी भीड़ को लेकर खरी खोटी सुनाई और उन्होंने यह भी कहा की नहीं संभव था तो बताना था। सूत्रों का कहना है की मंच पर मंडल अध्यक्ष की स्थिति भी तब असहज हुई जब उन्हे लोकसभा प्रत्याशी ने खरी खोटी सुनाया।

### कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों को नहीं दिया गया संसाधन

कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संसाधन भी मुहैया नहीं कराया गया। संसाधन जिसे मिला वह स्वयं ही रख ले गया एक भी संसाधन भीड़ जुटाने खर्च नहीं किया गया यह भी कार्यकर्ता कहते सुने गए।अब संसाधन क्या आया क्या भीड़ जुटाने संसाधन प्रदान किए गए थे यह तो पार्टी के जिम्मेदार लोग जाने लेकिन कार्यक्रम से बाहर निकलकर कार्यकर्ता अपनी भड़ास निकालते सुने गए और जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की मनमानी और एकला चलो नीति की बुराई करते रहे।

### मंच पर जितने लोग थे उपस्थित उतने भी नीचे सामने नहीं थे उपस्थित

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ की हालत यह थी की मंच पर ज्यादा भीड़ थी वहीं नीचे सामने भीड़ ही नहीं थी। कुल मिलाकर देखा जाए तो भीड़ उन्ही की थी जो मंच पर थे और पार्टी कार्यकर्ता थे। मुख्यमंत्री को सुनने और देखने वालों की सामने उपस्थित होने वाली भीड़ नगण्य थी जो देखा गया।

### मंच पर स्वागत के लिए भाजपा पदाधिकारियों का छुटा नाम,उसको लेकर भी दिखी नाराजगी

मंच पर यह भी देखा गया की मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जब बुलाया जा रहा था तब कई प्रमुख लोगों को स्वागत के लिए नहीं बुलाया गया जिसको लेकर भी नाराजगी समाने आई। पटना मंडल अध्यक्ष के मंच पर होते हुए भी मंडल पदाधिकारियों का नाम स्वागत सूची से छूट गया जिसके बारे में बताया जा रहा है जानबूझकर छोड़ा गया को लेकर भी नाराजगी देखने सुनने को मिली।

### बूथ प्रभारियों सहित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को जिम्मा न देना, वाहन व्यय न देना बनी मुख्यमंत्री कार्यक्रम की असफलता की वजह

कार्यकर्ताओं सहित पार्टी पदाधिकारियों एवम बूथ प्रभारियों की माने तो उन्हे कार्यक्रम का जिम्मा नहीं दिया गया। वाहन व्यय नहीं दिया गया कुल मिलाकर उनका कहना है की उन्हे कार्यक्रम में आना है अपने साधन से आना है यही सूचना दी गई। वैसे बताया जा रहा है की वाहन व्यय के नाम व्यवस्था थी लेकिन एक भी वाहन भीड़ जुटाने के लिए नहीं लगाई गई। वाहन व्यय का बंदरबांट हुआ यह कार्यकर्ता ही आरोप लगाते सुने गए।

### कार्यकर्ता पदाधिकारी हुए निराश

पूरे कार्यक्रम का सबसे मुख्य पहलू यह रहा की सभी कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी के निराश हुए। उनका कहना यह सुना गया की उन्हे यह दुख नहीं है की उन्हे संसाधन नहीं प्रदान किया गया कार्यकर्ताओं का यह कहना था की उन्हे जरा भी एहसास होता की कार्यक्रम की सफलता के लिय प्रयास ही नहीं किया गया है तो वह अपने संसाधन से प्रयास करते और भीड़ जुटाकर दिखाते वह किसी भी स्थिती में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम असफल नहीं होने देते।

# रंगोली,पोस्टर,शपथ व रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**- संवाददाता -**
**कोरबा,27 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुम्हारीदर्री के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली तथा पोस्टर बनाए गए। महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पाली में ग्रामीण



महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान की शपथ ली गई। महिलाओं के द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत रामपुर एवं घरीपखना में महिलाओं के द्वारा 'जन-जन ने यह ठाना है, वोट देने जाना है, सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से,' आदि नारे लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

ग्राम पंचायत केसला में महिलाओं के द्वारा 'आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं' अपनी ताकत को पहचान, करें हम सब मतदान' जैसे नारों का दीवार लेखन करके मतदान से सशक्त लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया। श्री भूपेंद्र सोनवानी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली ने ग्राम पंचायत चैतमा में मतदान की आवश्यकता एवं मतदाताओं के लोकतंत्र निर्माण में मतदान के महत्व के विषय में बताया। उन्होंने महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

# कांग्रेस के स्टार प्रचारक श्री सचिन पायलट की सभा 28 को रजगामार में



**- संवाददाता -**
**कोरबा, 27 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

कांग्रेस के स्टार प्रचारक व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 28 अप्रैल, रविवार को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। सचिन पायलट के द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजगामार में आमसभा को संबोधित किया जाएगा। रजगामार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में 28 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे स्टार प्रचारक सचिन पायलट की सभा होगी। सचिन पायलट के प्रवास व आमसभा के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस आमसभा में सचिन पायलट के साथ पीसीसी चीफ दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक बोधराम कंवर, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, मोहित केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर सहित प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी पदाधिकारियों, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक व कांग्रेस के सभी अनुषंगी व सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में आमसभा में शामिल होने की अपील की है ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,छ.ग.**

रा0प्र0क्र0-2024030217
00009/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिकन्दर खान आ0स्व0 मो0 शाकिब हसन निवासी ग्राम-जरहागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0) द्वारा ग्राम-कांतिप्रकाशपुर-स्थित भूमि खसरा नंबर 10/3 में से रकबा 0.028 के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 07/07/2018 के आधार पर विक्रेता अफ्जाल अहमद अंसारी आ0 मुमताज आलम अंसारी व अन्य 02 निवासी सदर रोड अंबिकापुर तहसील - अंबिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0) का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज कराने हेतु ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से नामांतरण की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था। नामांतरण कार्यवाही के दौरान साक्ष्य की आवश्यकता प्रतीत होने के कारण विधिवत नामांतरण हेतु राजस्व न्यायालय ई-कोर्ट के माध्यम से दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ किया गया हैं । उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-02

# जमीन विवाद को लेकर वृद्ध से जमकर मारपीट, इलाज दौरान मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

जमीन विवाद को लेकर महिला-पुरूषों ने अधेड़ की जमकर पिटाई कर दी। बेहोशी की हालत में स्वजन उसे क्षेत्रीय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से रेफर करने पर अधेड़ को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज करेगी।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम करवां निवासी प्रयाग टेकाम 50 वर्ष के साथ, 26 अप्रैल को राजकुमार,



राजू, सुनेती, परमिला ने जमीन हथियाने की बात कहते हुए गालीगलौज व हाथ-मुक्का, टांगी से जमकर मारपीट की थी। प्रयाग टेकाम की पत्नी को इसकी जानकारी नतनिन पुष्पा से मिली। पति से मारपीट की खबर मिलने पर टुबो बाई मौके पर पहुंची तो चारों उसे भी मारने के लिए दौड़ाए। मारपीट में घायल प्रयाग टेकाम इस बीच किसी तरह भागते अपने घर पहुंचा तो आरोपी उसके घर के आंगन तक पहुंच गए और पुनः मारपीट करने लगे। जब वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया तो आरोपी उसे छोड़कर चले गए। स्वास्थ्य केंद्र राजपुर से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया था। इलाज के दौरान 26 अप्रैल को शाम 7.40 बजे वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# पुलिस कप्तान ने भरी गर्मी में अपने अधिनस्तों का खयाल रख दी संवेदनशीलता का परिचय

**- संवाददाता -**
**कोरबा,27 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

इन दिनों जिले में पड़ रहे भीषण गर्मी में बीच यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित कर रहे ट्रैफिक पुलिस के तकलीफों को शायद ही कोई समझ सकता हो । ऐसे में यदि जिले के पुलिस कप्तान सिध्दार्थ तिवारी ने इन पुलिस कर्मचारियों के तकलीफों को समझते हुए भाईचारे एवं संवेदनशीलता का दिया परिचय । उन्होंने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ट्रैफिक थाने में आयोजित कार्यक्रम में सभी कर्मियों को



चश्मा, पानी बोतल और छाता प्रदान किए। उन्होंने ट्रैफिक टीम के कार्यो की सराहना करते हुए इसी तरह अपनी ड्यूटी निष्ठा पूर्वक पूरी करने प्रेरित किया। इस अवसर पर एसपी के साथ एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान और श्रीमती नेहा वर्मा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार



### नेथ्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया

**हायरेस, 27 अप्रैल 2024।** भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा। अपने पहले ओलंपिक में, वह 44 प्रतिभागियों में से 35वें स्थान पर रहीं।

### मयंक यादव के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने की संभावना

**लखनऊ, 27 अप्रैल 2024।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में स्पीड संसेशन मयंक यादव की वापसी की उम्मीद है। श्रीधरन श्रीराम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह अब गेंदबाजी कर रहे हैं और फिट दिख रहे हैं, लेकिन मैच से पहले हमारा अंतिम परीक्षण होगा, उसके बाद ही हम आरआर के खिलाफ उनकी भागीदारी पर फैसला करेंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा है और जहां से वह आता है, वह अच्छी तरह से जानता है कि क्या करना है और क्या नहीं। उनकी लंबाई के मामले में जो गुणवत्ता है, वह इस सीजन के आईपीएल में दूसरों से कमतर नहीं है और उस गति के साथ, उनके खिलाफ शॉट खेलना बहुत कठिन है, और यही बात उन्हें विशेष बनाती है।



मयंक यादव ने अब तक तीन आईपीएल मैच खेले हैं और छह विकेट लिए हैं, पीबीकेएस और आरसीबी के खिलाफ तीन-तीन विकेट लिए हैं। एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में यादव को सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा, जहां उनकी गेंद में उनके ओहदे के मुताबिक धार कम नजर आई।

# आरसीबी और गुजरात होंगे आमने-सामने

## आरसीबी के खिलाफ गुजरात टाइटन्स की निगाहें सुधार करने पर,आज होगा मुकाबला

**नई दिल्ली,27 अप्रैल 2024।** गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट, इकोनोमी- 10.35), उमेश यादव (7 विकेट, 10.55), संदीप वारियर (5 विकेट, 10.85) ने काफी रन लुटाये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। उनके स्पिनर राशिद खान (8 विकेट), आर साई किशोर और नूर अहमद (प्रत्येक 6 विकेट) शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं लेकिन ठीक ठाक गेंदबाजी कर रहे हैं।




लेकिन आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन ने लय हासिल कर ली है तो इस तिकड़ी का काम अब और मुश्किल हो जायेगा। पाटीदार ने सत्र में सामान्य शुरूआत के बाद अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा प्रदर्शन किया है, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स हैदराबाद) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। अब वह स्पिनरों के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने के लिए बेताब होंगे। ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी के दौरान प्रभावित किया और आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया।

इससे आरसीबी को निचले क्रम में दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं। लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।

डेविड मिलर (138 रन), शाहरुख खान (30), विजय शंकर (73) और राहुल तेवतिया (153) जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वे पारी को आगे बढ़ाने में असफल रहे। घरेलू टीम को आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ उनसे अच्छे योगदान की जरूरत होगी। आरसीबी के मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (4-0-20-0) और यश दयाल (3-0-18-1) सनराइजर्स हैदराबाद के मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप के खिलाफ असाधारण रहे।

लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और कामचलाऊ तेज गेंदबाज ग्रीन ने अपने मुख्य गेंदबाजों का सहयोग करते हुए समान चार विकेट लिये। इसलिये अब दिन में होने वाले इस मैच में गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी को देखते हुए वे और सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं...

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः-** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार वैश्यक। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटन्सः-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बी आर शरथ।

## भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4-1 से हराया

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2024।** अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24 24-22 से मात दी।

लि 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं। फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभायी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय



चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की।

युवा भारतीय टीम को आगे बड़े मुकाबले खेलने हैं जिसमें उसे ग्रुप ए में रविवार को सिंगापुर और मंगलवार को चीन से भिड़ना है। थॉमस कप में भारत अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगा।

## दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2024।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6 . 4 (27 . 28, 27 . 27, 29 . 28, 29 . 27, 28 . 28) से हराया।अब सेमीफाइनल



में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155 . 151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है।

भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया।

## महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति




साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है।कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है।कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। एक सैलून के अंदर गहरे चिंतन की स्थिति में बैठे घायल और घायल विजय सेतुपति की छवि ने उत्सुकता जगा दी थी। संभावना है कि यह फिल्म आज देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को दिखाएगी।फिल्म की स्टारकास्ट भी कमाल की है। फिल्म में विजय सेतुपति के अलावा मलयालम स्टार ममता मोहनदास के साथ बॉलीवुड अभिनेता-निर्देशक अनुराग कश्यप भी प्रमुख भूमिका में हैं। तमिल सिनेमा में अभिनेता के रूप में महाराजा अनुराग कश्यप की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 2028 में इमाइका नोडिगल (2018) में एक अहम भूमिका निभाई थी और निर्देशक लोकेश कनगराज की ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो में एक कैमियो भूमिका निभाई थी।

## अमिताभ बच्चन को खुद का इकलौता कॉम्पिटिशन मानता था सुपरस्टार

### कहा था- ये मामला फिफ्टी-फिफ्टी है,फिर अचानक छोड़ दिया स्टारडम

बॉलीवुड में अमिताभ बच्चन का एक छत्र राज रहा है।. उनकी आवाज, उनकी पर्सनैलिटी और स्टाइल के आगे कोई नहीं टिक सका और, अगर टिका तो लंबा नहीं चल सका। ऐसे ही सितारों में नाम शामिल है विनोद खन्ना का।. जो किसी मायने में अमिताभ बच्चन से कम नहीं थे। न हाइट में,न लुक्स में और न ही स्वैग में वो कम नजर आते थे। बल्कि उपने गालों पर पड़ने वाले डिंपल की वजह से फीमेल फैंस के बीच वो चार्मिंग स्टार के रूप में भी फेमस थे। लेकिन अचानक विनोद खन्ना ने सब कुछ छोड़ा और संन्यास ले लिया। जबकि एक इंटरव्यू में वो खुद ये बात एक्सेप्ट कर चुके थे कि वो अमिताभ बच्चन का एकमात्र कॉम्पिटिशन हैं।



विनोद खन्ना लेजेंड के इंस्टाग्राम हैंडल पर विनोद खन्ना का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में एंकर उनसे अमिताभ बच्चन और उनके बीच के कॉम्पिटिशन पर सवाल करती है। जिसके जवाब में वो कहते हैं कि अमिताभ बच्चन का कोई एकमात्र कॉम्पीटिशन है तो वो, वो खुद हैं। इसके आगे वो कहते हैं कि मीडिया ने भी इस इंटरव्यू को जिंदा रखा है और हेल्दी भी बनाए रखा है ये अच्छी बात है। फिर वो हंसते हुए खुद ही कहते हैं कि ये कॉम्पीटिशन कहने की बात है आप सौ लोगों से सवाल करेंगे तो पचास कहेंगे कि उन्हें अमिताभ बच्चन पसंद है और पचास कहेंगे कि उन्हें विनोद खन्ना पसंद है।

उस दौर में विनोद खन्ना को कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन के बराबर ही रोल मिलने लगे थे। दोनों ने अमर अकबर एंथनी, परवरिश, हेरा फरी, खून पसीना, जमीर और मुकद्दर का सिकंदर जैसी फिल्मों में काम किया। कुर्बानी फिल्म रिलीज होने के बाद विनोद खन्ना का फेम पूरे शबाब पर था।. लेकिन अचानक ही वो ओशो के फॉलोअर बने और सब छोड़ कर संन्यास ले लिया. पांच साल बाद वो दोबारा फिल्मों में लौटे लेकिन पहले जैसा स्टारडम नहीं मिल सका।.

## निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान




### दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है।अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं।उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन-थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करें तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। घरेलू टिकट खिड़की पर फिल्म ने 86.75 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में ही 31.35 करोड़ रुपये बटोर डाले थे।

## ऐश्वर्या से शादी के बाद भी रानी मुखर्जी को नहीं भुला पाए थे अभिषेक

### कर दिया था ये मैसेज,रानी को पता लगी सच्चाई तो..



ऐश्वर्या राय से शादी से पहले अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी के बीच अफेयर के चर्चे खूब सुर्खियां बटोर रहे थे। ये भी चर्चा थी कि दोनों शादी करने वाले हैं। जया बच्चन भी इस शादी के लिए तैयार थीं। रानी और उनके बीच बंगाली कनेक्शन ने उनके रिश्ते को मजबूत बना दिया था, लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ कि अभिषेक और रानी के रास्ते अलग हो गए। लेकिन ऐश्वर्या से शादी के बाद अभिषेक बच्चन के फोन से रानी के मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसे देख उनके होश उड़ गए. क्या हुआ था ऐसा और क्या था वह मैसेज चलिए आपको बताते हैं। साल 2007 में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय की शादी हो गई थी। शादी के बाद एक बार रानी मुखर्जी के फोन पर अभिषेक का एक मैसेज आया। इस मैसेज को देखकर रानी के होश उड़ गए. मैसेज में लिखा था कि, 'मैं तुम्हें आज भी याद करता हूं. लेकिन सच्चाई तो ये है कि ये मैसेज अभिषेक ने नहीं भेजा था, बल्कि उनके साथ उनकी एक को-स्टार ने प्रैंक किया था। प्रियंका चोपड़ा ने सिमी ग्रेवाल के शो में खुद इस बात का खुलासा किया था कि उन्होंने अभिषेक के साथ ये प्रैंक किया था। हालांकि बाद में उन्हें काफी पछतावा भी हुआ था। प्रियंका ने कहा कि एक बार फिल्म सिटी में शूटिंग के दौरान अभिषेक ने उनके साथ मजाक किया था और उनका फोन छिपा दिया था। ऐसे में प्रियंका ने भी प्रैंक के मकसद से अभिषेक के मोबाइल से रानी मुखर्जी को मैसेज किया, जिसे देख रानी हैरान रह गई थीं।

## शाहिद कपूर की इस हरकत पर जब भड़क गई थीं कियारा आडवाणी

### कबीर सिंह के सेट पर जड़ना चाहती थीं थप्पड़

साल 2019 की सुपरहिट फिल्म कबीर सिंह के बाद एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की किस्मत ही पलट गई. । वहीं शाहिद कपूर के लुक्स और एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई। फिल्म के लिए शाहिद ने 14 किलो वजन कम किया था और उनके लुक्स को परफेक्ट दिखाने के लिए फिल्म मेकर्स ने न सिर्फ पैसे बहाए बल्कि वक्त भी भरपूर दिया। इस बात को लेकर शायद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी थोड़ी परेशान भी हुई थीं। कॉफी विद करण शो में एक बार कियारा ने खुद बताया था कि कबीर सिंह के सेट पर कुछ ऐसा हुआ कि वह शाहिद कपूर को थप्पड़ मारना चाहती थीं।



पर्दे पर दिखी कबीर सिंह की वाइलेंट लव स्टोरी तो दर्शकों को खूब पसंद आई, लेकिन पर्दे के पीछे भी वाइलेंस की स्थिति पैदा हो गई थी। कियारा आडवाणी ने कॉफी विद करण के एक एपिसोड में खुद बताया कि शूटिंग के दौरान एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि वह शाहिद कपूर को थप्पड़ मारना चाहती थीं। इसकी वजह ये थी कि पूरे 8 घंटे तक मेकर्स केवल ये डिसाइड करते रहे कि अगली सीन में शाहिद कौन से जूते पहनेंगे।

कियारा ने बताया कि सिर्फ जूतों को लेकर इतना समय देने के बाद मुझे एक बार तो ऐसा लगा कि मैं शाहिद को थप्पड़ जड़ दूं। कियारा की बात सुनकर करण ने भी हंसते हुए कहा कि अगर कोई मुझे जूते डिसाइड करने के लिए 8 घंटे बैठा कर रखे तो मुझे भी गुस्सा आएगा और मुझे भी थप्पड़ मारने का मन होगा. ये सब सुनकर शाहिद बस मुस्कुराते नजर आए।

# बिरनपुर चर्चित हत्याकांड पर अब सीबीआई करेगी जांच

» दंगे में गई थी 22 साल के भुनेश्वर साहू की जान

» सीबीआई ने बिरनपुर केस में इन लोगों को बनाया आरोपी






**बेमेतरा,27 अप्रैल 2024(ए)।** बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में पिछले साल हुई चर्चित हत्याकांड में सीबीआई ने मुकदमा कायम कर लिया है। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हो गई थी। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने सीबीआई से इस मामले की जांच कराने का ऐलान किया था। भारत सरकार ने इसे स्वीकार करते हुए कल अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद सीबीआई ने आज एफआईआर दर्ज कर लिया है। इस केस में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों के खिलाफ 147,148,149,336, 307, 302 और 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है। सीबीआई ने पीएस साजा, जिला में एफआईआर संख्या 87/2023 दिनांक 08.04.2023 के तहत पहले दर्ज मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। बेमेतरा, छत्तीसगढ़ में एक शिकायत पर 12 लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 336, 307, 302 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि, एक गांव के कक्षा 07-08 में पढ़ने वाले बच्चे स्कूल से लौट रहे थे, तभी कबाड़ी की दुकान पर काम करने वाले एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी, जिस पर बैठक हुई. यह भी आरोप लगाया गया कि जब पीड़ित अपने दोस्तों के साथ दोपहर में उक्त समुदाय के इलाके में गया, तो समुदाय के सदस्यों ने छत से पथराव करना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ति नीचे गिर गया और उसके सिर में चोटें आई। इसके बाद, उक्त 12 आरोपियों और अन्य लोगों ने कथित तौर पर तेज चाकू/घातक हथियारों से पीड़ित की हत्या कर दी। अपनी जांच के दौरान, स्थानीय पुलिस को उपरोक्त 12 एफआईआर नामित आरोपियों के खिलाफ आपराधिक सबूत मिले और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद, स्थानीय पुलिस ने सक्षम अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया। वर्तमान में, सभी आरोपपत्रित आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। सीआरपीसी की धारा 173(8) के तहत मामले को आगे की जांच के लिए खुला रखा गया था और अब इसे जांच के लिए सीबीआई ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## झीरमकांड की भी सीबीआई जांच करवाये : कांग्रेस नेता

### बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है। भाजपा में साहस हो तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया। न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये

बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा को अपने पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है जो सीबीआई जांच करवा रहे है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है।

### झीरम मामले की सीबीआई जांच क्यों जरूरी ?

एनआईए की जांच में कुछ सामने नहीं आया।. एनआईए ने भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को मामले की फाईल नहीं वापस किया था, इस कारण एसआईटी जांच शुरू नहीं कर पाई थी। एनआईए ने घटना के राजनैतिक षड़यंत्रों की जांच नहीं किया था।

.न्यायिक आयोग की जांच भी लंबित है।

### राज्य की एसआईटी जांच शुरू करें

सीबीआई से जांच नहीं करवा सकते तो राज्य के द्वारा गठित एसआईटी से जांच करवाया जाय। सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को राज्य की एसआईटी को फाईल वापस देने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिसंबर 2023 के फैसले के बाद एसआईटी की जांच का रास्ता खुल गया है। भाजपा सरकार झीरम मामले की जांच के लिये पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच शुरू करवाये।

# सीबीएसई के परीक्षा परिणाम जल्द होंगे घोषित

» रिजल्ट के दौरान बच्चों में ना हो तनाव

» शिक्षा विभाग ने जारी किया टोल फ्री नंबर

» पालकों की भी होगी काउंसलिंग




**रायपुर,27 अप्रैल 2024(ए)।** बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है।

परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने सभी समस्त कलेक्टर, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और सीआरसीसी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक महौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जाए, इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, यथा शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेस विधायक को बीजेपी नेता ने बताया नक्सली समर्थक

### विधायक मंडावी ने भाजपा नेता पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**बीजापुर,27 अप्रैल 2024(ए)।** कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा नेता पर रपटा निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते ही बीजापुर की राजनीति गरमागई है। दोनों पक्षों ने वार पर पलटवार शुरू कर दिया है। विधायक के आरोप पर भाजपा नेता अजय सिंह ने तल्ख जबाब देते विधायक को विकास विरोधी और नक्सली समर्थक बताया है।




कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा नेता अजय सिंह पर 49 लाख के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने गुरुवार को जिला प्रशासन से शिकायत भी की है। दरअसल शुक्रवार को बीजापुर कांग्रेस पार्टी के विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर कांग्रेस भवन में एक प्रेस वार्ता रखी थी, जिसमें विधायक ने भाजपा नेता अजय सिंह पर चिन्नागेलूर में बन रहे 49 लाख के रपटा पर भृष्टाचार का आरोप लगाया है।

विक्रम मंडावी ने कहा, जो रपटा बन रहा है उसकी लंबाई में कमी है, न सही तरीके से इस रपटा का निर्माण किया गया। यह रपटा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इसकी शिकायत हमने कलेक्टर से की है। अगर जांच नहीं होगी और दोषियों पर जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगी तो हम और हमारी कांग्रेस पार्टी की टीम चिन्नागेलूर के उस स्थल में जाकर धरने पर बैठेंगे।

विधायक के आरोप पर जुबानी हमला बोलते अजय ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने विधायक अधूरे निर्माण के बावजूद भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे। चिन्ना गेल्लूर से तर्रेम मार्ग पर तोयानाला में रपटा एवं एपरोच रोड निर्माण कार्य जिला निर्माण समिति से कराया जा रहा है।

# नक्सलियों की गीदड़ भभकी काम नहीं आई

### राज्य में बढ़ा मतदान का प्रतिशत



**रायपुर,27 अप्रैल 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद नक्सली प्रभावित सुदूर अंचलों से मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है.। अबकी बार चुनाव में नक्सलियों की गीदड़ भभकी का असर आदिवासी इलाकों में देखने को नहीं मिला। नक्सलियों के मतदान के बहिष्कार के ऐलान भी लोगों ने बेखौफ मतदान किया, जिसकी वजह से राज्य में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि अन्य राज्यों में जहाँ 4-5त्न मतदान कम हुआ है, तो वहीं छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा सीट में 2त्न प्रतिशत दूसरे चरण में बढ़ा है। दूसरे चरण में 76.24 प्रतिशत मतदान हुआ. इसमें राजनांदगांव में 70.42 प्रतिशत, महासमुंद में 75.2 प्रतिशत और कांकेर में 76.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इतनी गर्मी के बाद भी लोग घर से निकलकर मतदान किए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने का भी एक बड़ा कारण है. मतदान केंद्रों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्रों में छाया की व्यवस्था, कुर्सी की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था की उचित व्यवस्था की गई थी।नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि मतदान से लौट रहे एक मतदानकर्मी की एक्सीडेंट में मौत हुई है. एक जवान की खुद को गोली मारने की खबर आयी है.। नियमानुसार इन मृतकों को मुआवज़ा राशि दी जाएगी।

## महादेव सट्टा ऐप का इंडिया हेड लखनऊ से गिरफ्तार




### सिमकार्ड की आड़ में अरबों रुपए का खेल

**रायपुर,27 अप्रैल 2024 (ए)।** महादेव सट्टा ऐप का नेटवर्क के संचालन के लिए 32 फर्जी कंपनियों के नाम पर भारत से 4 हजार सिम कार्ड दुबई भेजे गए थे। इन्हीं कार्ड्स के जरिए फर्जीवाड़े का यह पूरा तंत्र रचा गया। इस पूरे सिस्टम को ऑपरेट करने के लिए 10 हजार से भी ज्यादा युवाओं को नौकरी देने के नाम पर दुबई भेजा गया।

### दुबई में बैठा आपरेटर अभिषेक निकला आरोपी का फुफेरा भाई

महादेव सट्टा ऐप का इंडिया हेड अभय सिंह ने पूछताछ में यूपी स्ञ्चस्न को बताया कि, उसकी बुआ का बेटा अभिषेक सिंह दुबई में रहता है। साल 2021 में अभिषेक ने फोन पर बात की और कहा कि, अपने क्षेत्र से गरीब और अनपढ़ लोगों को उनके नाम से सिम खरीदने के लिए तैयार करो।

## नक्सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य का परिवार वालों के सामने ही गला रेता दिया

### 10 साल पहले बेटे को भी जिंदा जला दिया था




**दंतेवाड़ा,27 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद सदस्य की नक्सलियों ने गला रेत कर हत्या कर दी। घटना दंतेवाड़ा की है जहां पर जोगा पोडिय़ाम की हत्या की वहां से 500 मीटर की दूर पर सीएएफ का कैंप है।

मिली जानकारी के अनुसार दस साल पहले नक्सलियों ने जोगा के बेटे को जिंदा जला दिया था। यह घटना अरनपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। बताया जा रहा है कि पोडिय़ाम अपने परिवार के साथ थे और आधी रात में करीब 10 से 12 नक्सली उनके घर पहुंचे और पोडिय़ाम को घर से बाहर लाया परिवार वाले भी घर से बाहर निकल गए।

नक्सलियों की क्रूरता इतनी ज्यादा थी कि उन्होंने परिवार वालों के सामने ही पोडिय़ाम का गला रेत दिया और नक्सली जंगल में भाग गए। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जांजगीर चांपा,27 अप्रैल 2024 (ए)।** जांजगीर चांपा जिले के अरसमेटा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ अस्पताल लगाया गया है। अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार है। गुसाए लोगों ने चक्काजाम किया हुआ है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार मृतक रामकुमार कश्यप (47) निवासी कोनारगढ़ जोकि एक बाइक में अपनी पत्नी शतरूपा बाई (42) वर्ष, पुत्र चंद्र प्रकाश कश्यप (19) वर्ष और 3 साल की छोटी बच्ची नातिन के साथ अपने गांव कोनारगढ से अपनी नतनीन के बर्थडे मनाने के लिए गांव परसदा जा रहे थे। करीबन 12.30 बजे अरसमेटा मोड़ के पास पहुंचे हुए थे की अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मारी जिससे बाइक में सवार सभी सड़क के किनारे जा गिरे।

वहीं अज्ञात वाहन चालक मौके पर से वाहन को लेकर फरार हो गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ के अस्पताल में भेजा गया है। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश भी घटना स्थल पर पहुंची हैं। पिछले 2 घंटे से चक्काजाम जारी है मगर अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। लागतार अधिकारियों के द्वारा समझाया जा रहा है।




## बीजेपी विधायक रिकेश सेन का विवादित बयान

**दुर्ग,27 अप्रैल 2024 (ए)।** दुर्ग के वैशाली नगर से बीजेपी विधायक रिकेश सेन द्वारा लगातार विवादित बयान दिया है। विधायक ने नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत को लेकर विवादित बयान दिया था अब विधायक ने कहा कि देश में कोई भी धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करे तो उसकी गर्दन काटकर रख देना। यह बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है। जिसके बाद विधायक रिकेश सेन ट्रोल हो रहे हैं।


दरअसल 24 अप्रैल को दुर्ग पुराना बस स्टैंड में उज्जैन के मशहूर गायक किशन भगत को हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित हिन्दू युवा मंच के द्वारा एक भजन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे वैशाली नगर विधायक को भी अतिथि के रूप शामिल हुए थे उन्होंने भाषण के दौरान विधायक रिकेश सेन ने माता लक्ष्मी की तुलना कमल के फूल से करते हुए कहा कि जो राम को लाए हैं उन्हें फिर लाना है।

वही विधायक रिकेश सेन ने मंच से कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदुत्व की रक्षा के लिए अगर जान भी देनी पड़े तो देना लेकिन धर्म को कभी बदलने नहीं देना। ऐसा कोई भी हो जो इस देश के अंदर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करे उसकी गर्दन काट कर रख देना।उन्होंने ये भी कहा कि अगर इस प्रदेश में कोई ऐसा शहर जो हिंदुत्व को सनातन धर्म को आगे बढ़ा सकता है तो वह दुर्ग शहर के युवा है।

## नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग के दौरान एक नक्सली गिरफ्तार

### कब्जे से विस्फोटक सामग्री बरामद

**बीजापुर,27 अप्रैल 2024 (ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सिराकोन्टा व दमपाया के जंगल से सुरक्षाबल के जवानों ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सली के कब्जे से विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद की गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मद्देड़ थाना से जिलाबल व डीआरजी बीजापुर की संयुक्त पार्टी मद्देड़ थाना क्षेत्र के सिराकोन्टा व दमपाया की तरफ गस्त सर्चिंग पर निकली हुई थी। अभियान के दौरान सिराकोन्टा दमपाया के बीच जंगल से 1 संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे संयुक्त पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने नाम मरपल्ली देवेंद्र पिता मरपल्ली रमैया उम्र 29 निवासी मरपल्लीपारा दमपया थाना मद्देड़ बताया। जिसके कब्जे से विस्फोटक सामग्री जिलेटिन, कॉर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, 3 नग वॉकी टॉकी व चार्जर, 1 नग नोकिया मोबाईल व प्रतिबंधित संगठन का बैनर पोस्टर बरामद किया गया। पकड़ा व्यक्ति नक्सल संगठन के मद्देड़ एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय रहकर संगठन के लिए आईईडी लगाना एवं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नक्सल संगठन के लिए समान सप्लाई करने की बात स्वीकार किया है। पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध मद्देड़ थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)